स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
7 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 315 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, रिंकू सिंह की वापसी



# चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद यह ट्रस्ट की पहली बैठक राम मंदिर गेस्ट हाउस में हुई सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी को ले करके श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में आज श्रीराम मंदिर के गेस्ट हाउस में ट्रस्ट की पहली बैठक सम्पन्न हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय बंसल, ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने भाग नहीं लिया। उनके इस्तीफे पर ट्रस्ट ने बड़ी गंभीरता से चर्चा की। उसके बाद उनका इस्तीफा सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया और उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। चढ़ावा चोरी मामले में नाम उछलने के बाद चम्पत राय, डा. अनिल मिश्रा को लेकर लगातार तीखे सवाल उठाये जा रहे थे, जिसके बाद उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया था। बैठक की शुरुआत में ही ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने यह बेहद संवेदनशील घटना बताया। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में हुई इस कथित चोरी की घटना पर गहरा दुख और खेद व्यक्त किया। इसके तुरन्त बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरी ने मीटिंग का मुख्य एजेंडा सबके सामने रखा और चम्पत राय व डा. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर विचार का प्रस्ताव पटल पर रखा। इस दौरान बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष का दर्द इस हाई प्रोफाइल के दौरान देखा गया। कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने बेहद भावुक होते हुए स्वीकार किया कि हमसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है। इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया भर के भक्तों को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में कुछ जगहों पर तकनीकी और प्रशासनिक खामियां थीं जिन पर उस समय पर ध्यान नहीं दिया गया। सूत्रों का कहना है कि जब अंदर यह मंथन चल रहा था तब चम्पत राय और डा. अनिल मिश्रा एक साथ अयोध्या में ही मौजूद थे, लेकिन दोनों में से कोई भी इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।



## कृष्ण मोहन राय को मिली मंदिर व्यवस्था की जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने अपनी पहली औपचारिक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से ट्रस्ट की साख और जनता के भरोसे को बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया कि हाल के दिनों में समाज के मन में कुछ बातों को लेकर संशय और अविश्वास का माहौल बना है, जिसे दूर करना ही उनकी सबसे पहली और मुख्य प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए समिति की अगली बैठक 22 जुलाई को होगी। भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है। कृष्ण मोहन आरएसएस के पदाधिकारी और पूर्व इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस) अधिकारी रह चुके हैं। 73 साल के कृष्ण मोहन को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पिछले साल ही ट्रस्ट मेंबर बनाया गया था। वह आरएसएस के क्षेत्र संघ चालक (क्षेत्र प्रभारी) हैं। कृष्ण मोहन हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुर गांव के रहने वाले हैं।



### योगी मंत्रिमंडल ने पारित किए 28 प्रस्ताव

# जलालाबाद अब परशुरामपुरी

होमगार्ड्स को कैशलेस इलाज | पदक विजेताओं की होगी सीधी भर्ती | डाटा सेंटर नीति फिर से लागू | पशुओं का कराया जाएगा बीमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट में विभिन्न विभागों के 29 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 28 को मंजूरी दी गई। जबकि, एक प्रस्ताव मदरसे से संबंधित स्थगित कर दिया गया। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया गया। इसके प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किया गया। यह जगह भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। शासन ने 25 जून 2025 को अनुरोध किया था। भारत सरकार से एनओसी आने के बाद इस पर अब कैबिनेट की भी सहमति मिल गई है। कैबिनेट में उप्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति के साथ ही उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत उप्र स्टार्टअप मिशन की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। डाटा सेंटर नीति जो समाप्त हो गई थी, आज फिर से लागू कर दी गई। मिशन डायरेक्टरेट बॉडी के हेड चीफ सेक्रेटरी होगें। एंपावरमेंट कमेटी बनाई जाएगी। अभी तक स्टार्टअप पॉलिसी में प्रोटोटाइप 10 लाख और सीए कैपिटल 15 से 50 लाख है। इनक्यूबेटर संचालन को 40 लाख सालाना अनुदान मिलेगा। 1000 करोड़ का स्टार्टअप फंड रखा गया है। इसमें 400 करोड़ एकेटीयू का है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सीएम जोखिम पशुधन बीमा प्रबंधन योजना, नस्ल सुधार, पशुधन बीमा और गौशाला के संवर्धन के लिए कई योजनाएं लागू की जाएंगी। पशुओं का बीमा भी होगा। इसका राज्यांश 85 फीसदी है। प्रत्येक पशुधन की कीमत तय की जाएगी। मुर्रा भैंस 75000, विदेशी, हरियाणवी, साहिबान गिरी गाय की कीमत 50 हजार से 65 हजार तक रहेगी। बैल की कीमत 40 हजार, खच्चर, गधा आदि 20 हजार, घोड़ा 60 हजार, भेड़ और बकरी की 6500 रुपये कीमत रहेगी। बीमा में केंद्र का राज्यांश 51 फीसदी, राज्य का 34 फीसदी और किसान का 15 फीसदी रहेगा। दैवीय आपदा, बीमारी और हादसे पर बीमा मिलेगा। गौशालाओं में 1.35 लाख गाय हैं। इन पर हर दिन आठ करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बनारस में ईएसआईसी श्रम विभाग के मेडिकल कॉलेज के लिए निःशुल्क जमीन आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया। मुरादाबाद, गोरखपुर में पांच-पांच एकड़ में 100 बेड हॉस्पिटल के लिए जमीन आवंटित की गई है। बनारस में 13 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा। 50 फीसदी जमीन श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है। कुल 50 सीट में 25 सीट श्रमिक के बच्चों के लिए रहेगी। मंत्री गिरीश यादव ने बताया कि ओलंपिक, महिला ओलंपिक, एशियन आदि के पदक विजेताओं के सीधी भर्ती का प्रस्ताव पास किया गया। लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया से बाहर करके इन्हें नौकरी दी जाएगी। समूह ख और क के लिए यह है।



## ताजमहल में तेजो महालय मंदिर, हाईकोर्ट ने जवाब मांग


**प्रयागराज।** आगरा स्थित ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने वाले मुकदमे में सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। मामले में राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को जवाब दाखिल करना होगा। यह याचिका आगरा की जिला अदालत के उन आदेशों के विरुद्ध दाखिल की गई है, जिनमें सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला जज ने विवादित परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। मामले के तथ्यों के मुताबिक ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने को लेकर आगरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में वर्ष 2015 से दीवानी मुकदमा लंबित है। इस मुकदमे में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि ताजमहल परिसर में वास्तव में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर स्थित है। इसी मुकदमे के ट्रायल के दौरान परिसर के सर्वेक्षण के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। दोनों अदालतों (सिविल जज सीनियर डिवीजन व अपर जिला जज) ने इस पर कोई भी आदेश देने से मना कर दिया था।

## 'देश में भारत टैक्सी की तर्ज पर शुरू होगी नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी'

- अमित शाह ने किया बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** देश के सहकारिता आंदोलन को नया जीवन देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक नीतिगत पहल की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में घोषणा की कि देश में सहकारी समितियों के विकास को तेज करने के लिए जल्द ही एक नई सहकारी लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) कंपनी का गठन किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सहकारिता आंदोलन, जो कांग्रेस शासन के दौरान एक उपेक्षित आंदोलन बन चुका था, उसे इस मंत्रालय के गठन से एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन मिली है। देश के लगभग 8.5 लाख सहकारिता संगठनों और 30 करोड़ से अधिक सदस्यों के लिए यह पहल एक दूरगामी गेम-चेंजर साबित होने वाली है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि देश में सहकारी मॉडल पर आधारित भारत टैक्सी का कामकाज बेहद शानदार रहा है और आगामी दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों में करने की ठोस तैयारी है। इसी मॉडल की तर्ज पर, बीमा क्षेत्र में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक स्वतंत्र सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि उर्वरक क्षेत्र की दिग्गज सहकारी संस्था इफको (आईएफएफसीओ) पहले से ही एक जापानी फर्म के साथ संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) के जरिए बीमा व्यवसाय में सक्रिय है। यह नई कंपनी सीधे तौर पर सहकारिता क्षेत्र को वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लाकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेगी।



## नौसेना को मिलेगा नया 'समुद्री प्रहरी' महेंद्रगिरि


- दुश्मन के रडार को देगा चकमा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत जल्द ही और बढ़ने वाली है। 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह केवल एक नया युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा तकनीक, आत्मनिर्भरता और समुद्री सुरक्षा का नया प्रतीक भी है। अत्याधुनिक हथियारों और स्टील्थ तकनीक से लैस यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक क्षमता को और मजबूत करेगा। महेंद्रगिरि पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। स्टील्थ तकनीक की वजह से यह दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देता है। युद्ध के दौरान यह विशेषता इसे सामरिक बढ़त देती है और दुश्मन के लिए इसकी पहचान करना कठिन बना देती है। महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देश की बड़ी रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया है।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90 प्रतिशत गायब

- ऊंचाई एक फीट बची
- तीन दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6 प्रतिशत ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 प्रतिशत गायब हो चुका है। अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।



## 17 जुलाई को लॉन्च होगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होगी। खास बात यह है कि ट्रेन को मेक इन इंडिया पहल के तहत विकसित किया गया है और इसका डिजाइन लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने तैयार किया है।

## बारिश पर आईएमडी का कई राज्यों के लिए रेड-ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कई राज्यों में अगले 24 से 72 घंटे बेहद भारी पड़ सकते हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुजरात, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के लिए रेड अलर्ट, जबकि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ इलाकों में 21 से 50 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है, जबकि अगले तीन दिनों में मानसून के पूरे देश में फैलने की संभावना है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. शशि कांत ने सोमवार को बताया कि देश के पश्चिमी तट, जिसमें गुजरात, सौराष्ट्र, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं, वहां आज पूरे क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात, तटीय महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 21 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हो सकती है। आज पूर्वी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, जिनमें वाराणसी और प्रयागराज जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## नेतन्याहू के भारत समर्थन वाले बयान पर सरकार पर बरसी कांग्रेस

- कहा- 'विश्वगुरु' की चुप्पी अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याह की तरफ से भारत के समर्थन का दावा किए जाने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी भारत की सभ्यतागत परंपराओं और मूल्यों के खिलाफ है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि नेतन्याहू का यह कहना गलत है कि भारत इस्राइल के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री मोदी इस्राइल के प्रति झुकाव रखते हों, लेकिन करोड़ों भारतीय गाजा में हो रही हिंसा, फलस्तीनियों के विस्थापन, ईरान पर हमलों और दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियान की निंदा करते हैं। उनके अनुसार, ये सभी घटनाएं मानवता पर हमला हैं।



## मणिपुर में तनाव के बीच फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में लंबे समय से जारी जातीय तनाव के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। कांगपोकपी जिले के थिंगखोंगजांग (थिंगखोजांग) कुकी गांव पर हुए कथित सशस्त्र हमले में एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। घटना के बाद कुकी संगठनों ने सोमवार से राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (एनएच-37) पर 24 घंटे के बंद का एलान कर दिया है। साथ ही स्वतंत्र न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है। हालांकि, सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार शाम गांव के लोग चर्च में प्रार्थना कर रहे थे, तभी हथियारबंद हमलावरों ने गांव पर गोलीबारी की और विस्फोटक फेंके।

## किश्तवाड़-डोडा में बारिश से तबाही

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिले में सोमवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। तेज बहाव के साथ आए पानी और मलबे ने 540 मेगावाट क्वार जलविद्युत परियोजना के टीआरटी क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। बाढ़ की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड भी हुआ है। उधर, लगातार बारिश के कारण प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। प्रभावित इलाकों में हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ का असर 540 मेगावाट के क्वार पावर प्रोजेक्ट पर पड़ा है। परियोजना की टीआरटी साइट पर भारी मात्रा में मलबा और पानी घुसने से वहां खड़े कई वाहन मलबे में फंस गए। कई गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

## महाराष्ट्र के सतारा में बारिश से पुल टूटा

**सतारा।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूट गया। 10-12 पर्यटक फंसे हैं, कारों को क्रेन की मदद से निकाल गया। बीएमसी ने आज सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है।




पड़ताल

### पाकिस्तान की साजिश के सबूत होने का दावा

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए ने पेश की पूरक चार्जशीट

- हाफिज सईद को बनाया आरोपी
- लश्कर प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद को अपनी पूरक (सप्लीमेंट्री) चार्जशीट में आरोपी बनाया है। एनआईए ने उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से आतंकी साजिश रचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी ने हमले की साजिश और आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ भी अतिरिक्त साक्ष्य अदालत में पेश किए हैं।

जम्मू की एनआईए स्पेशल कोर्ट में दायर अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में, आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने हाफिज सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा व उसके सक्रिय प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के चीफ के तौर पर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाफिज सईद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चार्जशीट में उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और पाकिस्तान से आतंकी साजिश चलाने का आरोप लगाया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद हालात चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया।




### पहले स्थानीय पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर

हमले के बाद सबसे पहले पहलगाम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह मामला एनआईए को सौंप दिया था। एनआईए ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और एजेंसी पाकिस्तान की उस पूरी साजिश का पर्दाफाश करने में जुटी है, जिसके तहत सीमा पार से भारत में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

# दुष्कर्म के आरोपी सौतेले बाप की पुलिस हिरासत में मौत

**स्वतंत्र भारत सिंधौली, शाहजहांपुर।** एक महिला ने अपने सौतेले पिता पर दुष्कर्म, धमकी और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि जब वह अपने मायके में रहती थी तो सौतेला पिता उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता था। ससुराल आने के बाद भी वह लगातार फोन कर उसे बुलाता था। महिला के अनुसार, बुलाने पर न जाने पर वह गाली-गलौज करता, पति को प्रताड़ित करता और जान से मारने की धमकी देता था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसका आधार कार्ड और पायल भी आरोपी ने अपने पास रख ली है और वापस नहीं कर रहा है। मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुड़िया पमार निवासी प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया कि मुकदमा 6/7/26 रात करीब 2.19 बजे दर्ज किया गया। आरोपी की कोतवाली में अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पल्लवी ने बताया कि पुलिस उसे अपने साथ ले गई थी, बाद में सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक करीब 10 से 15 वर्ष पहले दो बच्चों के साथ एक महिला को अपने घर लेकर आया था, जिसके बाद उनके यहां एक और पुत्र का जन्म हुआ।

क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने बताया कि सौतेली बेटी द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी की कोतवाली में तबीयत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस पूरे प्रकरण की नियमानुसार जांच कर रही है।

एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे ने बताया महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने लाई थी थाने में उसकी तबीयत बिगड़ गई उसे अस्पताल ले जाया गया जहां दवाई देने के बाद सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है

## ट्रक और डीसीएम में आमने-सामने भिड़ंत

**स्वतंत्र भारत ददरौल।** नेशनल हाईवे स्थित चौक कोतवाली क्षेत्र के गर्रा पुल के पास बीती रात डीसीएम और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई घटना में दोनों गाड़ियों के चालक आंशिक रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस और चौक कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर 2 घंटे की मशक्कत के बाद आवागमन को सुचारू करवाया। इस दौरान कई किलोमीटर तक जाम लग गया,गाड़ियों में आम लोड था जो घटना के बाद रोड पर फैल गया।

# रेड क्रॉस सोसाइटी की डॉ.रवि मोहन ने सपरिवार ली आजीवन सदस्यता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी,ने आजीवन सदस्यता पहचान-पत्रों के वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. रवि मोहन तथा डॉ. संगीता मोहन ने अपने तथा परिवार के सदस्यों पुत्र कार्तिक मोहन एवं पुत्री वर्तिका मोहन के आजीवन सदस्यता पहचान-पत्र प्राप्त किए तथा बच्चों को भी रेड क्रॉस की आजीवन सदस्यता दिलाकर मानव सेवा के इस पुनीत अभियान जो?ा । जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी ने रेडक्रॉस का मैडल पहनाकर तथा बैच लगाकर उनका स्वागत किया। डॉ. रवी मोहन ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जाति,धर्म,वर्ग एवं किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने वाला विश्व का अग्रणी मानवीय संगठन है। रेड क्रॉस के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि जनपद के अनेक प्रतिष्ठित परिवार, जिनमें उनका अपना परिवार भी पूर्व से ही रेड क्रॉस का आजीवन सदस्य है, परिवार सहित इस मानवीय अभियान से जुड़े हुए हैं। । डॉ. रवि मोहन एवं डॉ. संगीता मोहन ने रेड क्रॉस के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी के समर्पित एवं अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद की रेड क्रॉस सोसाइटी ने सेवा, राहत एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान स्थापित की है तथा जरूरतमंदों की सेवा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही है। श्री जौहरी ने जनपद के सभी आजीवन सदस्यों से अपील की कि वे अपनी सदस्यता रसीद, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ जिला शाखा कार्यालय में संपर्क कर अपना आजीवन सदस्यता पहचान-पत्र शीघ्र प्राप्त करें। इस अवसर पर मुरारी दीक्षित , बालकृष्ण पांडेय,बृजेश गुप्ता चन्द्रसेन वर्मा,रवि बाबू,रामकुमार सक्सेना,अशोक अग्रवाल,मुनीश कुमार वर्मा,शिवसरन सिंह,रमा देवी शीला देवी,राजीव राठौर,इमरान खान,अवनीश सक्सेना आदि मौजूद थेअंत में रेड क्रॉस सचिव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए मानव सेवा में सभी से सहयोगी भूमिका की अपेक्षा की ।

# तमंचे के साथ युवक दबोचा



**स्वतंत्र भारत, तिलहर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक तिलहर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सरयू पुलिया के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान विजय सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम टाह बनारस, थाना तिलहर, उम्र लगभग 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध 12 बोर पौनिया (तमंचा) और दो जिंदा 12 बोर कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि अवैध हथियार उसे कहां से मिला और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# ट्रैक्टर की भीषण टक्कर में चौकीदार की दर्दनाक मौत

## रोटावेटर में फंसकर अलग हुआ पैर, गांव में मचा कोहराम



**स्वतंत्र भारत, तिलहर (शाहजहांपुर)।** तिलहर-बारीखास मार्ग पर रविवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। धान की रोपाई कर मजदूरी करके घर लौट रहे थाना चौकीदार की ट्रैक्टर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि उनका एक पैर रोटावेटर में फंसकर शरीर से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार राजनपुर गांव निवासी 55 वर्षीय करन लाल, जो थाने में चौकीदार थे, रविवार को मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चाहरपुर में धान की रोपाई का काम करने गए थे। शाम को काम खत्म होने के बाद वह ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। ई-रिक्शा में भक्सी तिराहा निवासी फूलनदेवी, फूलमती समेत अन्य लोग भी सवार थे।रात करीब 8꞊15 बजे राजनपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे खंती में जा गिरा। हादसे के दौरान करन का पैर ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर में फंस गया, जिससे वह शरीर से अलग हो गया और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। हादसे में फूलनदेवी, फूलमती और ई-रिक्शा चालक कुलदीप घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर यातायात सुचारु कराया। चौकीदार करन की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पत्नी गोला का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे छह बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर चालक बूटा सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 31 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

## 11 अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर, एसडीएम ने डीएम को भेजी रिपोर्ट



स्वतंत्र भारत, तिलहर शाहजहांपुर। तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में की गई। समाधान दिवस में कुल 31 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में बिजली कटौती, नगर की साफ-सफाई, आयु एवं जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में यूनिट कम होने, जमीन एवं चक रोड पर अवैध कब्जा, विधवा पेंशन समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान 11 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम ने अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी गैरहाजिर अधिकारियों और कर्मचारियों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत की जांच की जा रही है।गांव सलेमाबाद पत्ती के निवासी इशाक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के जलालुद्दीन पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। वहीं, जलालुद्दीन ने भी इशाक पक्ष पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।गौरतलब है कि रविवार को हुए विवाद में दोनों पक्षों की महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए थे।बहीं पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा था।सोमवार को पुलिस ने इशाक की तहरीर के आधार पर नसीरुद्दीन, इदरीस, सबरुद्दीन और फारूक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।दूसरे पक्ष की ओर से दी गई तहरीर की जांच की जा रही है।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष की शिकायत की जांच की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सचिन सपा अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

## फूल माला पहनाकर किया स्वागत, दी बधाई



**स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर सभा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव की अनुमति से जिलाध्यक्ष मुकेश यादव ने क्षेत्र के गांव लड़ती निवासी सचिन दीक्षित एडवोकेट को सपा अधिवक्ता सभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सचिन दीक्षित के सपा अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। और उनको बधाई दीं। सचिन दीक्षित के मनोनयन पर संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि सचिन दीक्षित के संगठन का जिला उपाध्यक्ष बनने से संगठन मजबूत होगा। और वह संगठन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए संगठन के हित में काम करेंगे। इस मौके पर सचिन दीक्षित ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन में जो महत्वपूर्व जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने का पूरे मनोयोग से प्रयास करेंगे। वह पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने का भरसक प्रयत्न करेंगे। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला से सचिन दीक्षित का स्वागत किया। और उनको बधाई दी।

# नाली का निर्माण न होने से खजुरी के ग्रामीण परेशान



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह के पैतृक गांव खजुरी में नाली का निर्माण नहीं ग्राम वासी परेशान। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व की मीटिंग में ग्राम वासियों ने नाली के निर्माण की रखी थी मांग लेकिन अभी तक नाली का निर्माण नहीं। ग्राम खजुरी में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने 12 जून को परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह की प्रतिमा स्थल पर जन चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना था। ग्राम वासियों ने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की थी। जिसमें से कुछ समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया था। तथा शेष समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण करने के लिए आदेशित किया गया था। जिसमें गांव की गली में जल भराव की समस्या थी। लगभग एक माह व्यतीत होने के बाद भी जल भराव की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। जिससे गली में रहने वाले लोग जल भराव की समस्या से काफी परेशान हैं । पानी का निकास न होने के कारण लोगों को जल भराव से काफी समस्या हो जाती है। गांव के आरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, छोटू सिंह, नन्हे लला आदि ने समस्या निराकरण की मांग की है।

इस संबंध में कलान के एडियो पंचायत कुलदीप सक्सेना से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि गली में जल भराव को सड़क के किनारे कच्ची नाली बनाकर पानी निकाल दिया गया है। तथा पानी सूखने पर ग्राम पंचायत के प्रावधानों के तहत नाली का निर्माण कराकर पानी का निकास किया जाएगा।

# शिक्षक भर्ती पुरानी नियमावली करने की मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** युवा मंच की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पत्र कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन पत्र में मांग की गई है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने प्रशिक्षित स्नातक एवं प्रवक्ता भर्ती की सभी विषयों के लिए नई योग्यता जारी की है, जिसके कारण पूरे प्रदेश में पाँच लाख से अधिक अभ्यर्थी इस नियमावली से बाहर हो रहे हैं जो चिंता का विषय है भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व नियमावली में अचानक बदलाव किये जाने से पाँच लाख से अधिक बेरोजगार नौजवानों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा। जिन प्रतियोगी छात्रों ने चयन आयोग की स्थापना से प्रचलित नियमावली के अनुसार तैयारी की है उनके साथ यह अन्यायपूर्ण होगा। विशेष रूप से प्राविधिक कला, संगीत, हिन्दी, अंग्रेजी तथा प्रवक्ता के लिए नान बीएड अभ्यर्थियों के साथ नाइंसाफी होगी और उनके रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे तथा सहायक अध्यापक एवं प्रवक्ता की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी अपनी उम्र के अंतिम पढ़ाव पर है नई योग्यता पूरी करने में उसकी उम्र निकल जायेगी, जिससे वो मानसिक तनावग्रस्त होंगे। ज्ञापन पत्र में आने वाली शिक्षक भर्ती के विज्ञापन को पुरानी नियमावली पर करवाकर एक अवसर प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन पत्र देने वालों में राम सिंह, भरत पाल सिंह, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, सुशील कुमार, विजय पाल, अनिल कुमार, दौलत राम, निगम कुमार अनिल कुमार सिंह आशीष कुमार, अर्चित कुमार, राजेश कुमार, कौशल कुमार शैलेन्द्र सिंह, मोहित पांडेय, मोहित पाल, विजय पाल सिंह देव सरन, नीरज कुमार सिंह, सत्य नारायण सिंह, अजय कुमार सिंह, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त प्रोफेसर्स को दी भावभीनी विदाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जी एफ कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ मोहम्मद तैयब,गणित विभाग के प्रो सैयद मुजीबुद्दीन,अर्थशास्त्र विभाग के प्रो मोहम्मद तारिक तथा महाविद्यालय के लाइब्रेरियन सैयद अनीस अहमद के सेवानिवृत्त के अवसर पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने कहा कि इन चारों लोगों ने अपने लंबे सेवाकाल में निष्ठा,ईमानदारी और समर्पण के साथ महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इनके अनुभव, कार्यशैली और कॉलेज एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को सदैव याद रखा जाएगा।डॉ मोहम्मद तैयब अपने सरल व्यक्तित्व और प्रभावशाली शिक्षण के लिए जाने जाते रहे।प्रो सैयद मुजीबुद्दीन ने गणित विषय के अध्ययन-अध्यापन को नई दिशा दी,जबकि डॉ मोहम्मद तारिक ने अपनी शिक्षण शैली से विद्यार्थियों में प्रसिद्धि हासिल किया।लाइब्रेरियन सैयद अनीस अहमद ने आधुनिक एवं डिजिटल पुस्तकालय व्यवस्था विकसित करने तथा विद्यार्थियों में अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने के साथ ही कॉलेज के लैंड एंड गार्डेन का उत्तरदायित्व निभाते हुए महाविद्यालय कैंपस के सुंदरीकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।प्राचार्य मोहसिन हसन खान ने महाविद्यालय परिवार की ओर से चारों सेवानिवृत्त सदस्यों को शाल, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया।अपने संबोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं लाइब्रेरियन ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीएफ कॉलेज उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है और यहाँ बिताए गए वर्षों की स्मृतियाँ सदैव उनके साथ रहेंगी।विदाई समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## अधिकारियों ने दिया सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण का संदेश



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। तिलहर क्षेत्र के ग्राम खिरिया उदैत स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को %मिशन शक्ति% एवं %एक पेड़ मां के नाम% अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक ठाकुर अभिषेक सिंह रहे। उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों का पुष्पमाला एवं पारंपरिक फेंटा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि जिला कमांडेंट लाल सिंह यदुवंशी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।वन क्षेत्राधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद ने %एक पेड़ मां के नाम% अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

महिला उप निरीक्षक नेहा सैनी ने छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मविश्वासी और निडर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वीमेन पावर लाइन 1090 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 की उपयोगिता बताते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल इन सेवाओं का लाभ उठाने की सलाह दी।

यातायात उप निरीक्षक बाल कृष्ण यादव ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आग्रह किया।

वन स्टॉप सेंटर की प्रतिनिधि अर्चा मिश्रा ने महिलाओं को उपलब्ध कानूनी, चिकित्सीय एवं मनोवैज्ञानिक सहायता संबंधी सेवाओं की जानकारी दी। वहीं रश्मि शुक्ला ने महिलाओं के विधिक अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सरकारी हेल्पलाइन का समय पर उपयोग करने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम संयोजक ठाकुर अभिषेक सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नारी सुरक्षा, दोनों ही समाज की प्रगति के मजबूत आधार हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# जलालाबाद अब होगा परशुरामपुरी,लगी कैबिनेट की मोहर

## केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने योगी सरकार का जताया आभार, जनपद में जश्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद का बहुप्रतीक्षित नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर जनपद में हर्ष की लहर दौ? गई। जो इस आंदोलन में लगे हुए थे उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार को धन्यवाद दिया।केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वागत करते हुए कहा कि* वह इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का असंख्य भगवान श्री परशुराम जी के भक्तों की ओर से आभार प्रकट करते हैं उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है जब करो?ो लोगों की आस्था के केंद्र का नाम बदलने की बर्षो पुरानी मांग को प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आहूत कैबिनेट की बैठक में पूरा किया है।उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है।उन्होंने कहा कि परशुरामपुरी भगवान श्री परशुराम जी के नाम पर उनके तप,त्याग,न्याय और धर्म के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। श्री प्रसाद ने भगवान श्री परशुराम जी की जन्म स्थली के निवासियों को जलालाबाद का नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने पर उन्हें भी बधाई दी है। उधर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने की असंख्य लोगों की मांग को लेकर श्री प्रसाद निरंतर प्रयासरत थे उन्होंने उपरोक्त प्रस्ताव जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार को भेजे जाने के उपरांत राज्य सरकार से केंद्र सरकार को नाम बदले जाने की अनुमति/सहमति प्राप्त करने हेतु किए गए पत्राचार के उपरांत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से तत्समय मिलकर स्वीकृति दिलाने हेतु अपना पत्र सौंप कर उनसे आग्रह किया था। तदोपरांत वहां से अनुमोदन मिलने के बाद श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनसे जलालाबाद का नाम बदलने हेतु राज्य सरकार से स्वीकृति प्रदान किए जाने का आग्रह किया था जिससे असंख्य श्री परशुराम जी के भक्तों की वहुप्रतिक्षित मांग पूरी हो सके।

## प्रसाद भवन पर समर्थकों ने बांटी मिठाई



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज कैबिनेट मीटिंग में शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर %परशुरामपुरी% किए जाने पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी के शाहजहांपुर स्थित कैंप कार्यालय प्रसाद भवन पर समस्त पार्टीजनों ने ढोल नगाड़े के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया! इस अवसर पर कौशल मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रशांत कठेरिया, अमित बाजपेई दिव्यांशु बाजपेई, अनुज शुक्ला, दीपक गुप्ता, पंकज द्विवेदी अंकित शुक्ला, मोहित दीक्षित, उपेंद्र दीक्षित, हिमांशु वाजपेई, छोटू मिश्रा, आदि मौजूद रहे!

# बिजली आपूर्ति बहाल करने गए संविदा लाइनमैन पर हमला

## जेई अमित चौधरी ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** ग्राम मवईया पट्टी में विद्युत आपूर्ति बहाल करने गए विद्युत विभाग के एक संविदा लाइनमैन पर कथित रूप से लाठी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। मामले में विद्युत उपकेंद्र खुदागंज के अवर अभियंता (जेई) अमित चौधरी ने थाना खुदागंज में लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र खुदागंज के जेई अमित चौधरी के निर्देश पर संविदा लाइनमैन सुरजीत सिंह ग्राम मवईया पट्टी में विद्युत आपूर्ति में आई खराबी को दूर करने पहुंचे थे। उन्होंने तकनीकी कार्य पूरा कर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी। कार्य समाप्त कर लौटते समय गांव की पुलिया के पास कथित रूप से गांव निवासी संतोष सिंह पुत्र पुल्तु ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि संतोष सिंह ने पहले लाइनमैन के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और फिर लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में सुरजीत सिंह के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गए। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।घटना की सूचना मिलते ही जेई अमित चौधरी ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना खुदागंज में लिखित तहरीर दी। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी आमजन को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों पर हमला न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसा गंभीर कृत्य भी है।जेई अमित चौधरी ने पुलिस से मांग की है कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समाजसेवी रमेश भइया ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट



**शाहजहांपुर।** विनोबा सेवा आश्रम, बनतारा के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री रमेश भइया ने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने कुलपति को बधाई देते हुए उन्हें विनोबा आश्रम आने का आमंत्रण दिया एवं साथ ही आचार्य विनोबा भावे पर स्वलिखित दो पुस्तकें भी भेंट कीं। उन्होंने बनतारा में संचालित विनोबा विद्यापीठ डिग्री कॉलेज के शैक्षिक विकास में आने वाली समस्याओं से कुलपति को अवगत कराते हुए उनसे सहायता की मांग की। कुलपति महोदय ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें प्रत्येक स्तर पर शैक्षिक व प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## 35 हजार रुपये लूटने का आरोप, जांच शुरू

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** सरिया-सीमेंट कारोबारी से ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर नकदी लूटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार-पांच लोगों पर गाली-गलौज, ट्रैक्टर की चाबी छीनने और बिक्री की रकम लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।क्षेत्र के गांव हरमानपुर निवासी पवन वर्मा ने सोमवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में उनकी सरिया-सीमेंट की दुकान है।रविवार रात वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव बिलहारा में सरिया-सीमेंट उतारकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि बिलहरी गांव के पास पहले से मौजूद चार-पांच लोगों ने उनका ट्रैक्टर-ट्रॉली रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और ट्रैक्टर की चाबी निकाल ली।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने बिक्री के 35,690 रुपये, जो उनके पास रखे थे, छीन लिए और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस को घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रोज़ा पावर में हुआ 93 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान



**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** रिलायंस समूह के द्वारा प्रति वर्ष समूह के संस्थापक स्वश धीरुभाई अम्बानी के जन्मदिन एवं पुण्यतिथि पर नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। आज उनके पुण्यतिथि के अवसर पर रोज़ा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रोज़ा पावर के अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों एव कामगार भाइयों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 93 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ रोज़ा पावर के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर एवं एचआर हेड धर्मेंद्र सिंह बैस ने स्व धीरुभाई अंबानी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए तथा दीप प्रज्वलित करके किया। रोज़ा पावर के स्टेशन डायरेक्टर ने इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है जिससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने रोज़ा पावर के सभी अधिकारियों एवं कामगार बंधुओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर का संचालन अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ़ की निगरानी में किया गया जिसमें सभी आवश्यक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करते हुए 93 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक शाहजहाँपुर के डॉक्टर शबाहत हुसैन ने रोज़ा पावर को रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऐसे शिविर के कारण ही जरूरतमंदों को उचित समय पर मदद मिल पाती है। इस मौक़े पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय से डॉक्टर शोभा बाजपेयी, महेंद्र कुमार त्रिपाठी, मुसाहेब अली, छाया सक्सेना तथा रोज़ा पावर से शुवेंदु डे, मनीष कुमार सिंह, राजू शर्मा, ओमप्रकाश, काशीनाथ डे, गौरव गुप्ता, राजेंद्र भट्ट, राजीव ओम कुमार, अविनाश शुक्ला, हेमेंद्र पाल सिंह, शोभित शुक्ला, मुनव्वर लतीफ, शैलेंद्र मिश्रा, पवन सिंह, यश कौल, रवींद्र त्यागी, सोहराब अली, स्मृति रेखा जेना, सावित्री शर्मा, अनुराधा पांडेय, रुचि सिंह, संगीता सिंह, राशि सक्सेना, प्रिया ठाकुर, अंजू भट्ट, अनुराधा मिश्रा, मीनू सिंह सहित कई पदाधिकारी, उनके परिवार के सदस्य एवं कामगार भाई उपस्थित रहे एवं रक्तदान किया।

# समाधान दिवस में आयीं 33 शिकायतें, दो का निस्तारण

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** कलान तहसील में उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की। जिनमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश के साथ सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हस्तांतरित कर दी गई। कलान तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त नौ,पुलिस विभाग से छेह, चकबंदी विभाग की



सात, राजस्व विभाग की छेह, विकास विभाग की एक व दो शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शुभम वर्मा, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, जेई (एमआई) अरविंद कुमार राजपूत,खण्ड शिक्षा अधिकारी मिर्जापुर अरविन्द कुमार कुशवाहा,एडीओ (कृषि) रविन्द्र सिंह,एडीओ समाज कल्याण निर्मला देवी शुक्ला, एडीओ (पंचायत) कलान कुलदीप सक्सेना,एडीओ (पंचायत) मिर्जापुर राम औतार शर्मा, वन दरोगा यदुनाथ सिंह, उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह थाना मिर्ज़ापुर, परौर थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल आदि मौजूद रहे।

# वन महोत्सव के तहत हुआ वृक्षारोपण



**स्वतंत्र भारत सिंधौली शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में आज स्कूल परिसर में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया गया स्कूल के सहायक प्रबंधक अब्दुल रहमान खान एवं वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कर उनका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने वन महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण न होने से वायु प्रदूषण जल प्रदूषण मृदा प्रदूषण होता रहता है जिससे हमारे शरीर को शुद्ध वायु नहीं मिल पाती है इसलिए पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है इसीलिए वन विभाग द्वारा आपको 80 पौधे वितरित किए गए हैं सभी बच्चे और शिक्षक अपने आसपास इन पौधों को लगाकर उनकी देखभाल अवश्य करें। वन विभाग द्वारा आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया जिसमें दिव्या राठौर को प्रथम दिव्यांशी सक्सेना को द्वितीय एवं अनम मंसूरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वन विभाग एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चौहान द्वारा बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर वन विभाग से वन दरोगा वीरेंद्र सिंह गंगवार दरोगा अतुल बाजपेई संजीव कुमार विष्णु प्रताप सिंह कृष्ण बहादुर सिंह राम अवतार उर्फ पिंटू अनिल कुमार एवं प्रतियोगिता संपन्न कराने में स्कूल के वासुदेव सिंह चौहान ओमवीर सिंह यादव कृष्ण पाल ऋषभ पाल इरम मंसूरी अनन्या शुक्ला जितेंद्र सिंह कुशवाहा जैद मंसूरी गुलफशा सिमरन कौर आदित्य सिंह रोमाना खान सोनम मिश्रा अंचल त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन बाईपास पर 24 घंटे में दो हादसे

**स्वतंत्र भारत सेहरामऊ दक्षिणी।** लखनऊ-पलिया हाईवे पर अधूरा कार्य होने के बावजूद यातायात के लिए खोले गए निर्माणाधीन बाईपास पर 24 घंटे के भीतर दो हादसे हो गए।



रविवार देर शाम मिर्गापुर गांव के पास सिवई नाले के पुल से पहले एक अपाचे बाइक सवार संतुलन बिगड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वाहन अयोध्या के मनीष कुमार के नाम पंजीकृत है। इससे पहले शनिवार शाहजहांपुर से हरदोई जा रही एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर नाले की ओर उतर गई। हालांकि, चालक की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित बच गए। लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं के बाद थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने निर्माण कंपनी आरसीएल को फटकार लगाई। पुलिस के निर्देश पर मार्ग पर अवरोधक लगाकर वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी ने बताया की निर्माणाधीन मार्ग को बंद कर दिया गया है, ताकि दुर्घटना न होने पाए पूर्व में चल रहे मार्ग को ही आवागमन के लिए सुचारु रखा गया है।

# ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत खुटार।** रविवार को ई रिक्शा की टक्कर से 7 वंदना उर्फ खुशी की मौत के मामले में मृतक की मां सोनी देवी की तहरीर के आधार पर ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मुरादपुर निबिया खेड़ा गांव निवासी सोनी देवी ने बताया कि विगत रविवार को करीब शाम 4 बजे उसकी पुत्री वंदना अपनी बहनों शिवांशी व नंदिनी के साथ गांव में नारौठा रोड पर खेल रही थी। उसी समय नरौठा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार से ई रिक्शा ने उसकी पुत्री वंदना उर्फ खुशी को टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वंदना को सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उधर चालक ई रिक्शा को मौके पर छोड़कर चालक भाग गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इसी सप्ताह लाइव होगा प्रवेश पोर्टल : कुलपति

## विश्वविद्यालय में प्रवेश को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में नवीन सत्र 2026-27 में होने वाले प्रवेशों को लेकर सभी विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य भी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रवेश समिति के समन्वयक प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह ने प्रवेश को लेकर हो चुकी संपूर्ण तैयारियों से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि इसी सप्ताह प्रवेश पोर्टल लाइव हो जाएगा।

कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य ने प्रवेश प्रक्रिया की संपूर्ण रूपरेखा पर सभी विभागाध्यक्षों से विचार विमर्श किया। मीटिंग में बताया गया कि प्रवेश पोर्टल लाइव होते ही विद्यार्थी विश्वविद्यालय कैम्पस अथवा किसी भी सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कर सकेगा। इस हेतु विद्यार्थी को 200 रुपये शुल्क जमा करके समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। विद्यार्थी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म में अपना



आधारभूत विवरण भरने के साथ विश्वविद्यालय कैंपस सहित अधिकतम पांच शिक्षण संस्थाओं का विकल्प चुनना होगा, जहां कि वह प्रवेश लेना चाहता है। विद्यार्थी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म का प्रिंट सभी चयनित शिक्षण संस्थाओं में जमा करना होगा। इसके उपरांत मेरिट तैयार होगी एवं मेरिट में चयन के आधार पर विद्यार्थी जिस संस्था में प्रवेश लेना चाहता है, वहां निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद अपनी सीट लॉक करनी होगी एवं इसके साथ ही सारे शैक्षिक अभिलेख (छायाप्रति) भी जमा करने होंगे। इसके अतिरिक्त इन्फॉर्मेशन ब्रोशर, विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या, महाविद्यालयों में चल रहे पाठ्यक्रमों की संबद्धता एवं प्रवेश से संबंधित पूर्ण नियमावली इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रोफेसर आलोक मिश्र, प्रो मधुकर श्याम शुक्ल, प्रो मीना शर्मा, प्रो पूनम, प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ जयशंकर ओझा, प्रो अजीत सिंह चारग, प्रो शालीन कुमार सिंह, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सरल होगी नामांकन प्रक्रिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जनपद में कई महाविद्यालय हैं जिसकी सम्बद्धता रूहेलखंड विश्वविद्यालय से है लेकिन स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना होने के बाद अब इनकी सम्बद्धता इसी विश्वविद्यालय से हो जायेगी। एसएस कालेज में नामांकन प्रक्रिया को लेकर के कुछ समस्याएं आ रहीं थी जिसको लेकर कई दिनों से अभिभावक और छात्र नाराज थे।

# शिक्षा रथ को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

## 15 ब्लॉक के 43 गाँवों में 225 किलोमीटर का करेगा भ्रमण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** समग्र शिक्षा अभियान को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एजुकेट गर्ल्स की बालिका शिक्षा मुहिम को सोमवार को नया संबल मिला, जब विकास भवन, से मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने 'शिक्षा रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता यात्रा 6 जुलाई से 13 जुलाई तक जिले के विभिन्न गाँवों और ब्लॉक्स में पहुँचकर समुदाय को शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा, के प्रति जागरूक करेगी। यह 'शिक्षा रथ' जिले के 15 ब्लॉक्स-बडा, भावलखेड़ा, ददरौल, जैतीपुर, जलालाबाद, कलान, कांट, कटरा, खुदागंज, खुटार, मदनापुर, मिर्जापुर, निगोही, पुवायां, सिंधौली और तिलहर में पहुँचते हुए लगभग 225 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और कुल 43 गाँवों में जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित



करेगा। इस अभियान के दौरान वीडियो प्रदर्शन, चौपाल और सामुदायिक संवाद के माध्यम से लोगों को शिक्षा से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ द्य उत्कर्ष द्विवेदी ने कहा, ÷शिक्षा से कोई भी वंचित न रहे, यह हर बच्चे का अधिकार है, खास तौर पर बच्चियों को जरूर पढ़ाया जाना चाहिए। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग आपकी हर परेशानी को दूर करने के लिए तत्पर हैं। किसी भी समस्या में लोग हमारे पास आएँ। एजुकेट गर्ल्स की टीम ने बताया कि 'शिक्षा रथ' गाँव-गाँव और ब्लॉक स्तर तक पहुँचकर वीडियो प्रदर्शन और चौपालों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व से जोड़ेगा। इस पहल का उद्देश्य उन परिवारों तक पहुँचना है, जहाँ अभी-भी बच्चे, विशेषकर बालिकाएँ, स्कूल से बाहर हैं या शिक्षा से नियमित रूप से नहीं जुड़ पा रही हैं। एजुकेट गर्ल्स की भावलखेड़ा की ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर रिंकी देवी ने कहा, ÷शिक्षा रथ ठीक मिड-डे मील अभियान में जागरूकता फैलाने वाली गाड़ी की तरह है। इसके जरिए हम अपनी बात गांव-गांव और ब्लॉक स्तर पर सभी तक पहुंचा सकते हैं।÷ वॉलंटियर मोबिलाइजेशन एसोसिएट पूजा शर्मा ने कहा, ÷गाँव में लोग इस रथ के जरिए बच्चों को जोड़ पाते हैं। मेरा मानना है कि शिक्षा रथ से हम एक नई आस और उम्मीद जगा सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रदेव तिवारी ने कहा, ÷एजुकेट गर्ल्स हर बच्चे को स्कूल तक पहुँचाने का काम करती है, खास तौर पर बालिकाओं के लिए। मेरी विनती है कि आप सभी गाँव-गाँव में बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षा रथ से जुड़कर कार्य करें। जहाँ औपचारिक शिक्षा तक पहुँच संभव नहीं रही, वहाँ संस्था के सेकंड चांस कार्यक्रम ने किशोरियों और युवा महिलाओं को जीवन-कौशल के साथ कक्षा 10 और 12 की पढ़ाई पूरी करने का अवसर प्रदान किया है। 55,000 से अधिक सामुदायिक स्वयंसेवकों के सहयोग से संस्था राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के 30,000 से अधिक गाँवों में 22 लाख (2.2 मिलियन) से अधिक बालिकाओं के नामांकन तथा 25 लाख (2.5 मिलियन) से अधिक बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार में योगदान दे चुकी है। एजुकेट गर्ल्स का लक्ष्य वर्ष 2035 तक 1 करोड़ शिक्षार्थियों तक पहुँचना है।

# 81 शिकायतों में 3 का हुआ निस्तारण

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें आज कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में से कुल तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष शिकायतें संबंधित विभागों को इस आशय के साथ सौंपी गई हैं कि उनका शीघ्र समय अवधि में निस्तारण किया जाएगा। खेत की मेड़ तोड़ देने की आई एक शिकायत मामले में महिला ने जिलाधिकारी से पड़ोसी द्वारा खेत की मेड़ तोड़ देने का आरोप लगाया जिस पर उन्होंने एसडीएम कोर्ट में विधिवत रूप से आने के लिए कहा वहीं दूसरे एक मामले में कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की गई जिसमें संबंधित लेखपाल को निर्देशित किया गया है रामपुर वैन निवासी बलबीर सिंह पुत्र श्रीराम सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 473 का वह असल काश्तकार है जिसके खेत तक जाने के लिए चकमार्ग जो गाटा संख्या 454 राजस्व अभिलेखों में दर्ज है लेकिन चकमार्ग पर बृजेश, उमेश, शिव देव, विकास पुत्र रघुवीर ने अवैध कब्जा करके विद्युत पोल व खूंटा इत्यादि गाड़ दिए हैं जिससे चक मार्ग पर अवरोध उत्पन्न हो गया है आने जाने का रास्ता भी बंद हो गया है पीड़ित बालवीर ने रास्ता खुलवाने और पोल हटवाने की मांग की है तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आई 81 शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग की शिकायतें देखने को मिली इसके अलावा पुलिस, विद्युत, राशन, शिक्षा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिसमें जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से शिकायतों का गुणवत्ता युक्त निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए तहसील दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव अश्विनी कुमार पांडे, ए डीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्रा, कोतवाल अरविंद सिंह चौहान, एसओ अल्हागंज ओम प्रकाश, वन विभाग, नलकूप व अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 142 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को नगर स्थित सूरज मैरिज लॉन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 142 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के बाद नवदंपतियों को शासन की ओर से उपहार भेंट कर सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। समारोह में विभिन्न विकास खंडों और नगर निकायों से आए जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह समारोह को लेकर पूरे दिन उत्सवी माहौल बना रहा। परिजनों के साथ पहुंचे नवदंपतियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। योजना के तहत पुवायां नगर के 12, पुवायां ग्रामीण क्षेत्र के 32, बंडा विकास खंड के 37, बंडा नगर पंचायत के चार, सिधौली के 21, खुटार नगर पंचायत के छह तथा खुटार क्षेत्र के 30 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न होने के बाद सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से निर्धारित उपहार सामग्री प्रदान की गई। समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# क्षेत्र पंचायत की बैठक में छाया जल मिशन का मुद्दा



**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** विकास खंड भावल खेड़ा में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत ब्लॉक प्रमुख राजाराम ने बुके देकर और मालार्पण कर किया। पूर्व में आयोजित बैठक का संज्ञान लेकर विकास कार्यों पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों, प्रधानों, जिला पंचायत के समक्ष विचार विमर्श किया गया। प्रमुख मुद्दा जल जीवन मिशन पर रहा। ग्राम पंचायत में बनाई गई पानी टंकियो में सबसे ज्यादा अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई गई। इस विषय पर ब्लॉक प्रमुख राजा राम ने विकासखंड कर्मचारियो और जल जीवन मिशन से जुड़े कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से गांव देहात में मॉनिटरिंग कर पानी टंकियां चलवाए जाने का आदेश दिया। इस दौरान वित्त मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को शत प्रतिशत इस पर कार्य करने के लिए कहा। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विधायक ददरौल अरविंद सिंह,शरद सिंह, नवनीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख भावल खेड़ा राजाराम वर्मा सहित तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# आज से जलालाबाद जाना जायेगा परशुरामपुरी के नाम से

## योगी कैबिनेट से मिली मंजूरी, लोगों में हर्ष

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)।** जनपद शाहजहांपुर की पांच तहसीलों में तहसील जलालाबाद को बीते एक दशक में कई बड़ी सौगातें सरकार से प्राप्त हुई हैं यह बात इस क्षेत्र की जनता भली प्रकार जानती है। भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद को पर्यटन स्थल का दर्जा मिला, ऐतिहासिक रामताल को करोड़ों की लागत से अमृत सरोवर में विकसित करने का सौभाग्य मिला, जलालाबाद क्षेत्र से निकल रहे गंगा एक्सप्रेसवे पर हवाई पट्टी बनाने का की योजना फ्लीभूत हुई, जितने बड़े-बड़े कार्य बीते एक दशक में इस क्षेत्र में हुए हैं इतने तो आजादी के बाद कभी भी नहीं हुए थे। और योगी कैबिनेट से जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने को भी मंजूरी मिल गयी है। महंत सत्यदेव पांडे ने अपने घरों पर दिये जालाने का आवहान किया है। जलालाबाद में स्थित भगवान परशुराम की ऐतिहासिक जन्मस्थली को वर्षो से लोग परशुरामपुरी के नाम से घोषित कराने की मांग कर रहे थे आज इस मांग को योगी कैबिनेट ने अंतिम मोहर लगा दी है जैसे ही यह सूचना जलालाबाद पहुंची लोग खुशी से उछल पड़े और भगवान परशुराम की जय जयकार करने लगे मंदिर के महंत सत्यदेव पांडे से पूछने पर उन्होंने बताया कि आज बहुत ही बड़ा ऐतिहासिक कार्य हुआ है भगवान परशुराम की जन्मस्थली को जलालाबाद जो गुलामी का प्रतीक था को बदलकर परशुरामपुरी रख दिया गया है आज जलालाबाद ही नहीं पूरे जनपद और पूरे भारत के लिए यह बहुत ही हर्ष का विषय है।



# गौकशी प्रकरण में सात पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम विकरनपुर में वर्ष 2025 में दर्ज गौकशी के चर्चित मामले में खुदागंज पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए सात आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी है।पुलिस अभिलेखों के अनुसार 9 जुलाई 2025 को थाना तिलहर में गौकशी के संबंध में सात नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य द्वारा की गई। विवेचना के दौरान आरोपियों के आपराधिक इतिहास, आय के स्रोत एवं चल-अचल संपत्तियों का गहन सत्यापन कराया गया।जांच के दौरान मुख्य आरोपी भूरा के कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल, एक टाटा पिकअप और एक ज़ायलो कार को विधिक प्रक्रिया के तहत सीज किया गया। पुलिस ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयान तथा अन्य अभिलेखों के आधार पर आरोपों की पुष्टि करते हुए गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस द्वारा तैयार विवेचना के अनुसार मु0अ0सं0 330/25, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में भूरा पुत्र मोहम्मद उमर, मोहम्मद तौकीर पुत्र मोहम्मद जहांगीर, मुजीब कुरैशी पुत्र शफी अहमद, मुन्ना उर्फ बहरा पुत्र शफी अहमद, अनीस पुत्र लल्लू उर्फ हिरना, मुन्ना पुत्र मोहम्मद उमर तथा कल्लू कुरैशी पुत्र सदीक कुरैशी को आरोपी बनाया गया है। खुदागंज पुलिस का कहना है कि विवेचना निष्पक्ष एवं साक्ष्य आधारित ढंग से पूरी की गई है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सभी सात अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तावित कर दिया गया

# समाधान दिवस में 37 शिकायतें एक भी निस्तारित नहीं

## डीएम की फटकार के बाद भी नहीं सुधरे हालात, सिर्फ खानापूर्ति



**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी, जबकि पिछले समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतों के अंबार पर नाराजगी जताई थी। इस समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 14, पुलिस विभाग से 10, विकास से जुड़ी 8, समाज कल्याण विभाग की 1 और अन्य मामलों की 4 शिकायतें शामिल थीं। पिछले समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि शिकायतों का समय पर और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यह भी कहा गया था कि अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाए। उस समय शिकायतों की अधिक संख्या देखकर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और तहसीलदार से कहा था कि राजस्व विभाग की टीम ठीक से काम नहीं कर रही है, जिसके कारण इतनी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि, इन निर्देशों के बावजूद इस बार भी स्थिति में कोई सुधार नहीं दिखा।

# अलाइका टेलीकॉम का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** निगोही रोड स्थित नवज्योति हॉस्पिटल के पास सोमवार को अलाइका टेलीकॉम% प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह नई फर्म शीबू और अरुण चौधरी की साझा पार्टनरशिप में शुरू की गई है, जिसके शुभारंभ पर क्षेत्र के लोग और व्यापारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल कार्यक्रम में पहुंचा। व्यापारियों ने प्रतिष्ठान के स्वामियों, शीबू और अरुण चौधरी, को बुके भेंट कर और मिठाई खिलाकर नए कार्य की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि सचिन बाथम ने कहा कि नए प्रतिष्ठानों के खुलने से न केवल स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा मिलता है, बल्कि आम जनता को भी बेहतर सेवाएं और सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने दोनों युवा व्यवसायियों की सराहना करते हुए व्यापार मंडल की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य व्यापारियों जिनमें अखिल मिश्रा अध्यक्ष कपड़ा एसोसिएशन, इकबाल खान अध्यक्ष पचराहा ईकाई, तनवीर आलम अध्यक्ष निगोही रोड, अशोक गुप्ता वरिष्ठ संगठन मंत्री, शानू, लाला भाई, सलमान, ऋषभ, रवि, आदिल आदि ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# अनियंत्रित बोलेरो डिवाइडर से टकराई, चालक गंभीर, रेफर

## गाड़ी में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटे आई

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** शादी समारोह से घर वापस लौट रहे बोलेरो सवार कस्बे के सरियां मोड़ स्थित डिवाइडर से टकरा गए और गाड़ी पलट गई घटना सोमवार रात 12-30 बजे की बताई गई है जिसमें आधा दर्जन लोग सवार थे जानकारी के मुताबिक बोलोरो संख्या यूपी 30 एक्स 4333 के चालक नवीन पुत्र मुन्नालाल निवासी सेठा थाना कलान एक शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया था जहां से वह वापस आ रहा था जलालाबाद के सरियां मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई जिसमें सवार सभी लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया गाड़ी में सवार रवीश पुत्र जगबीर यादव के हल्की छोटे आई पुलिस के पहुंचने से पहले बोलेरो में बैठे अन्य लोग इधर-उधर चले गए पुलिस द्वारा दी गई सूचना के बाद परिजन भी मौके पर आ गए नवीन की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है रवीश के साधारण छोटे होने के कारण उपचार के बाद छुट्टी दे दी वहीं बताया गया कि तीसरा व्यक्ति अनूप निवासी झकरेली जो गाड़ी से उतरकर कहीं चला गया गाड़ी में और कितने लोग सवार थे इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई सड़क पर पड़ी बोलेरो को पुलिस ने किनारे करवा दिया और यातायात को सुचारू कर दिया कोतवाल अरविंद कुमार सिंह चौहान ने बताया बोलोरो डिवाइडर से टकराने की सूचना उन्हें मिली थी मौके पर मिले गाड़ी के चालक को अस्पताल में भर्ती कराया व एक व्यक्ति जिसके कम चोट थी उसका उपचार कर छुट्टी दे दी व चालक को रेफर किया है



# संस्कृत भाषा की पढ़ाई कर छात्र छात्राएं बनेंगे डाक्टर

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में संस्कृत की भाषा पढ़ने वाले छात्रों के लिए एक नयी पहल बीएएमएस की मिलेंगी डिग्री श्रीमती राम श्री राम देवी संस्कृत इंटर कॉलेज निगोही शाहजहांपुर के नाम से संस्कृत शिक्षण संस्थान चल रहा है ! प्रधानाचार्य रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि यहां से हाई स्कूल इंटर पास करने के वाद छात्र-छात्राओं को अब सीधे बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन और सर्जरी बीएएमएस में दाखिला मिलेगा! इसके लिए प्रदेश में पांच आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय शुरू होंगे! गाजियाबाद ,बस्ती ,गोंडा, आगरा ,और मिर्जापुर में शीघ्र खुलेंगे ! श्रीमती राम श्री राम देवी संस्कृत इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि संस्कृत कालेज से पठन-पाठन करने वाले छात्रों के लिए सौभाग्य की बात है! संस्कृत छात्रों को विभिन्न तरह के व्यवसायिक कोर्स से जोड़ा जा रहा है !इसी रंणनीति के तहत राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने मिलकर पारंपरिक वैदिक मूल्य और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को जोड़ने के लिए नया फ्रेम वर्क तैयार किया है आयुर्वेद के मूल ग्रन्थ चरक संहिता ,सुश्रुत संहिता, संस्कृत में है केंद्रीय आयुर्वैद के रूप में काम कर रहा है सभी आयुर्वेद गुरुकुल इसी विश्वविद्यालय नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है सभी आयुर्वेद गुरुकुल इसी विश्वविद्यालय से संबंध होंगे दाखिला के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी!

# विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी का हुआ स्वागत

**स्वतंत्र भारत शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बरेली मुरादाबाद शिक्षक चुनाव 2026 समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं,शिक्षकों, प्रबंधकों का समन्वय सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के नेता विरोधी दल उत्तर प्रदेश विधान परिषद लाल बिहारी यादव जनपद लखनऊ से चलकर जनपद के महानगर सुभाष नगर बंधन मैरिज लॉन में मुख्य अतिथि व पूर्व मंत्री मोहम्मद अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंच कर पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं विधानसभा अध्यक्षों,और प्रबंधको व शिक्षकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जहां उनका सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ने उनको अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद समाजवादी पार्टी के नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार वित्तविहीन शिक्षकों व शिक्षकों, मदरसों के शिक्षकों और सहायता प्राप्त शिक्षकों का लगातार उत्पीड़न कर रही है उन्होंने कहा कि आने वाला शिक्षक एमएलसी का चुनाव 2027 में सपा की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़ा आगाज है उन्होंने कहा कि शिक्षक का समाज व राष्ट्र के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होता है उन्होंने कहा यह चुनाव मुद्दों पर होने जा रहा है उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय पर रोक लगा दी है जबकि सपा सरकार में अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री काल में वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय देने का काम किया था उन्होंने। इस मौके पर पूर्व मंत्री मोहम्मद अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू ने कहा कि पार्टी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को कमिटियां बनाकर विद्यालयों में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी को जीताने व वोट बढ़ाने के लिए लगातार संपर्क बनाए रखें क्योंकि यह शिक्षक एमएलसी के चुनाव सेमीफाइनल है जो 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।बरेली मुरादाबाद शिक्षक चुनाव 2026 समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने कहा कि यदि आगामी शिक्षक एमएलसी के चुनाव में शिक्षकों व स्कूल के प्रबंधकों और पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं की मदद से मेरी जीत होती है तो मैं सभी के लिए विधान परिषद में अधिकार दिलाने के लिए उनकी आवाज को बुलंद करने का काम करूंगा और सभी के बीच खरा उतरने का काम करूंगा। इस मौके पर अंत में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने आए हुए सभी नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं और स्कूल के प्रबंधकों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेश यादव,पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, पूर्व एमएलसी अमित यादव उ? रिंकू, सपा नेता अनवर अली खान, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप,सपा नेता दोदराम वर्मा, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव, सपा शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव अशोक यादव आदि ने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, सपा शिक्षक नेता श्याम लाल यादव,सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम,सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता अरविंद पाल,नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव,पुवाया विधानसभा अध्यक्ष डॉ जितेंद्र वर्मा, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष विनोद यादव,सपा नेता सरदार राजवीर सिंह बाढ़, सपा के युवा नेता आकाश वर्मा,सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा युव?न सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, सपा नेत्री शारदा राज पासी, मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष मनोज यादव,सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद वर्मा, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी,शाहाब खान, उजैर खान, अमन खान, मों. ?की,अब्दुल समद, फैजान खान,फरमान खान, सपा के युवा नेता गुफरान खान, धनंजय यादव, राजेश सिंह,सैयद शकील मियां, अरशद खान, असलम खान, अली हुसैन, सरताज अली इदरीसी, सौमित्र यादव, सलीम खान,अखिलेश यादव, पी.एल गौतम, तय्यब खान, धर्मवीर यादव,इमरान खान, फरा? इदरीसी, यश मौर्य,श्लोक मौर्य, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।




# घर में घुसे चोरों ने, लाखों का माल उड़ाया

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं! चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं! चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोरों द्वारा घटनाओं को अंजाम देने से जनता भयभीत हैं ! कस्बा के आदर्श नगर वार्ड संख्या 9 के दम्पति के बंद मकान के मुख्य दरवाजे को अन्दर से बंद कर चोरों ने नकदी, जेवरात और घरेलू सामान चोरी कर ले गए। कस्बा निवासी बृजपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने थाने पर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 5 जुलाई की रात्रि मकान को बन्द कर भीषण गर्मी की उमस से राहत हेतु पड़ोस में ही मंदिर पर बच्चों के साथ सोया था घर पर कोई नहीं था ! रात्रि किसी समय चोर मकान में घुस आए होंगे कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्सों से माल जेवर नकदी चुरा ले गए पुलिस ने घटना की की रिपोर्ट दर्ज कर जांचोंपरान्त विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया !

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल

- साथी अंधेरे का फायदा उठाकर हुआ फरार
- तमंचा व लूटा गया मोबाइल बरामद

स्वतंत्र भारत



**उचौलिया-खीरी।** जिले के मोहम्मदी क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मदी क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान दो संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। उसकी पहचान उन्नाव निवासी अरुणेश दीक्षित उर्फ गुड्डू उर्फ रामनरेश के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, लूटा गया वीवो वाई-17 मोबाइल फोन, 3,000 रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त काले-भूरे रंग की डिस्कवर मोटरसाइकिल (यूपी 32 बीवाई 4065) बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह हरदोई निवासी अपने साथी सुनीत द्विवेदी उर्फ प्रबुन के साथ मिलकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अरुणेश के खिलाफ उन्नाव, हरदोई और शाहजहांपुर में लूट, चोरी और पुलिस मुठभेड़ समेत 19 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार बदमाश की तलाश तेज कर दी है।

## मेधावियों को किया गया सम्मानित



- सैकड़ों छात्रों व छात्राओं, शिक्षाविदों की रही उपस्थिति

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** पं. हरद्वारी लाल स्मृति महिला महाविद्यालय, चंदेसुआ में 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षाविदों और अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. के.के. पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संरक्षक श्याम बिहारी पाण्डेय, अध्यक्ष एवं प्रबंधक ए.के. पाण्डेय तथा संयोजक के.के. पाण्डेय ने किया। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.के. गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'ज्ञान खोज प्रतियोगिता' के विजेता और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के टॉपर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1500, 1100 और 500 की नकद राशि के साथ मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही लगभग 100 विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर ए.के. पाण्डेय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा, जिसका समापन उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## यात्री प्रतीक्षालय और अटल पार्क पर चला बुल्डोजर

स्वतंत्र भारत

**निघासन-खीरी।** तहसील निघासन के ठीक सामने बने यात्री प्रतीक्षालय और नव निर्मित अटल पार्क को सोमवार को प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में की गई, जिसमें भूमि को तालाब की श्रेणी में दर्ज पाया गया था। कार्रवाई के दौरान प्रशासन के साथ भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, जिससे क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।



जानकारी के अनुसार, तहसील गेट के सामने स्थित गाटा संख्या 441 की भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। इसी भूमि पर पूर्व में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था, जिसे स्थानीय लोगों को सुविधा देने वाला ढांचा बताया जाता रहा है। इसके अलावा हाल ही में नगर पंचायत द्वारा अटल पार्क और ओपन जिम सेंटर भी विकसित किया गया था। पूर्व में इस स्थान पर फायर सर्विस, पुलिस कर्मियों और तहसील कर्मचारियों के आवास भी रहे हैं। मामला न्यायालय पहुंचने के बाद तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रशासन को निर्देश जारी किए कि भूमि को राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खाली कराया जाए। आदेश के अनुपालन में एसडीएम राजीव निगम की निगरानी में नगर पंचायत और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। प्रशासन ने बुलडोजर से यात्री प्रतीक्षालय, अटल पार्क और जिम सेंटर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही कुछ पक्के निर्माणों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि न्यायालय के आदेश का पूरी तरह पालन कराया जा रहा है और आगे भी अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## ताइक्वांडो एकेडमी के 5 खिलाड़ियों ने दिया ब्लैक बेल्ट टेस्ट

**पलिया कलां-खीरी।** ताइक्वांडो एकेडमी में आयोजित ब्लैक बेल्ट टेस्ट में 5 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चीफ कोच प्रदीप कुमार और हेड कोच अरुण तिवारी द्वारा लिए गए इस टेस्ट में अरनव अवस्थी, प्रवर अवस्थी, अर्जित सिंह, आरव माहेश्वरी और उत्कर्ष सिंह शामिल रहे। परीक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने बेसिक्स, स्टांस, फंडामेंटल, पूमसे, बोर्ड ब्रेकिंग, किकिंग, अटैक और डिफेंस जैसी तकनीकों में शानदार प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी दक्षता और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी अर्हम रंजन, अरिहंत रंजन, कुशाग्र प्रजापति सहित सीनियर खिलाड़ी चंदन निषाद, कृष्णा वर्मा और चंद्र प्रकाश मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर खुशी जताई।



## संपूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें सुनी गईं, 3 का मौके पर निस्तारण

**स्वतंत्र भारत मितौली-खीरी।** तहसील सभागार मितौली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार और क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग और आपूर्ति विभाग की 8-8 शिकायतें, पुलिस विभाग की 2 शिकायतें, जबकि विकास और विद्युत विभाग की 1-1 शिकायत शामिल रही। मौके पर राजस्व विभाग की 3 शिकायतों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरतते हुए गरीब और पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता की भावनाओं को समझते हुए उनकी समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाए। कार्यक्रम में सभी संबंधित थानों के प्रभारी, तहसील स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## पानी की मोटर चोरी, किसान परेशान


**स्वतंत्र भारत मैलानी-खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के हल्का नंबर-4 अंतर्गत पकरिया गांव में चोरों ने एक किसान के खेत से पानी की मोटर चोरी कर ली। घटना से इलाके में दहशत और किसानों में नाराजगी का माहौल है। गांव निवासी राहुल कुमार पुत्र श्रीचंद ने बताया कि उनके खेत में सिंचाई के लिए 5 हॉर्स पावर की पानी की मोटर लगी हुई थी। 5 जुलाई की रात अज्ञात चोर मोटर खोलकर ले गए। सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो मोटर गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार मोटर चोरी होने से खेती का काम प्रभावित हो गया है और उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मैलानी थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी का खुलासा करने की मांग की है। मैलानी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## रिहायशी इलाके के पास दिखा तेंदुआ, दहशत

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** गोला वनरेंज क्षेत्र के रायपुर रिहायशी इलाके के पास बीती रात एक तेंदुआ देखे जाने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, रायपुर आबादी के पास झाड़ियों के आसपास तेंदुआ घूमता हुआ देखा गया। गोला से पड़रिया तुला की ओर जा रहे कुछ युवकों ने तेंदुए का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद आसपास के गांवों में लोगों की चिंता और बढ़ गई है। वन विभाग के वन दरोगा नरेश कुमार ने बताया कि जंगल से सटे इलाकों में कभी-कभी जंगली जानवर भटककर रिहायशी क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अकेले या रात के समय सुनसान रास्तों पर यात्रा करने से बचें। वन विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे समूह में आवागमन करें और झाड़ियों या जंगल के किनारे सावधानी बरतें। साथ ही विभाग की टीम ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने यह भी कहा है कि यदि कहीं तेंदुआ दिखाई दे तो लोग घबराएं नहीं, शोर न मचाएं और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। जानवर को खुद भगाने की कोशिश न करने की भी हिदायत दी गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### 12 साल पुराने मामले का वारंटी गिरफ्तार

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गौरीफन्टा पुलिस को सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वर्ष 2012 में दर्ज मुकदमे (मु.अ.सं. 06/2012) से संबंधित वारंटी अभियुक्त बालकिसन पुत्र स्वर्गीय शंकर, निवासी ग्राम भुड़ा, थाना गौरीफन्टा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ दंगा, सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, घर में घुसकर तोड़फोड़ और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया।

### भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की रखी नींव

**स्वतंत्र भारत पलिया कलां खीरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोविंदनगर में 24.65 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय,विधायक रोमी साहनी ने किया भूमि पूजन। रोमी साहनी ने बताया कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बनने से क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा का स्तर और भविष्य दोनों मजबूत होंगे। विद्यालय के निर्माण से आसपास के गांवों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस विद्यालय का लाभ गोविंदनगर, खजुरिया, कमलापुरी, इब्राहिमपुर, मझरा, रानीनगर मिर्चिया, विशेनपुरी, सुमेरनगर, बमनगर, बिचित्रनगर, सम्पूर्णानगर सहित अनेक गांवों के विद्यार्थियों को मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय बनने से बच्चों को दूर-दराज के क्षेत्रों में पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा तथा उन्हें अपने क्षेत्र में ही आधुनिक शिक्षा का बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। यह शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगी और क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### 3.50 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत तिकुनियां-खीरी।** तिकुनियां पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आबकारी अधिनियम के तहत ग्राम सूरतनगर निवासी संग्राम तथा जुआ अधिनियम के मामले में कस्बा निवासी नयूम शाह को गिरफ्तार किया गया। वहीं, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बॉर्डर क्षेत्र के ग्राम रननगर निवासी कुलविंदर सिंह को दाराबोझी स्थित रपटा पुलिया के पास गश्त के दौरान गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 3.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## सोशल मीडिया पर वायरल नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपों को मेडिकल कॉलेज प्राचार्या ने बताया निराधार

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में देवकली स्थित मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की कथित ठगी से जुड़ी खबर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल संदेश में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. वाणी गुप्ता एवं एक पूर्व चालक पर अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि लेने और नियुक्ति न दिलाने के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही यह दावा भी किया जा रहा है कि पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रार्थना पत्र देकर धनराशि वापस दिलाने, एफआईआर दर्ज करने तथा कार्रवाई की मांग की है। वायरल खबर के संबंध में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. वाणी गुप्ता से बातचीत की गई। उन्होंने वायरल किए जा रहे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया। उनका कहना है कि जिस चालक का नाम इस मामले में जोड़ा जा रहा है, उसका उनसे पिछले लगभग चार महीने से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उन्हें ब्लैकमेल करने और उनकी छवि धूमिल करने की साजिश है। डॉ. वाणी गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर उनके द्वारा या उनके निर्देश पर किसी भी व्यक्ति से कोई धनराशि नहीं ली गई है और न ही उनका ऐसे किसी लेनदेन से कोई संबंध है। फिलहाल इस मामले में पुलिस अथवा प्रशासन की ओर से किसी जांच या कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि शिकायत प्राप्त हुई है तो जांच के उपरांत ही पूरे मामले के तथ्य स्पष्ट हो सकेंगे।

## तीसरे दिन लोगों ने प्रशिक्षण लिया

**निघासन-खीरी।** गायत्री शक्तिपीठ, निघासन में प्राकृतिक एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा का निःशुल्क प्रशिक्षण एवं उपचार वर्ग नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं तथा प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गठिया, माइग्रेन, गैस, कब्ज आदि अनेक समस्याओं के प्राकृतिक एवं एक्यूप्रेशर आधारित उपचार की जानकारी दी जा रही है। साथ ही आने वाले लोगों का उपचार भी किया जा रहा है, जिससे अनेक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जिसका समय भी निर्धारित किया गया है।

## बस्तौली बी-पैक्स में खाद विवाद सुलझा, वितरण शुरू

- चौकी इंचार्ज की पहल से बनी सहमति, गोदाम का ताला खुला

स्वतंत्र भारत




**बिजुआ-खीरी।** विकास खण्ड बिजुआ की बस्तौली बी-पैक्स समिति में दो दिन से चल रहा खाद वितरण विवाद आखिरकार पुलिस की मध्यस्थता से सुलझ गया। बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी की सूझबूझ से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके बाद गोदाम का ताला खोलकर खाद का नियमित वितरण शुरू कर दिया गया। विवाद रविवार को उस समय शुरू हुआ जब समिति के डायरेक्टर धीरेंद्र दीक्षित पर कार्यालय और गोदाम में ताला लगाने का आरोप लगा। समिति अध्यक्ष अवधेश मिश्रा और सचिव अनुज मिश्रा ने किसानों के साथ मिलकर तहरीर दी थी। आरोप था कि डायरेक्टर द्वारा खाद वितरण को लेकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा था। सोमवार को एडीओ कोऑपरेटिव श्यामलाल मौके पर पहुंचे, लेकिन वे भी ताला नहीं खुलवा सके। बताया गया कि डायरेक्टर ने यह शर्त रखी थी कि खाद केवल स्थानीय किसानों को ही दी जाए, बाहरी किसानों को नहीं। इसी मुद्दे पर विवाद बढ़ता गया और मामला बिजुआ चौकी पहुंच गया। इसके बाद चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी ने दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। उनकी पहल पर सहमति बनने के बाद गोदाम का ताला खोला गया और खाद वितरण दोबारा शुरू हो गया। एडीओ कोऑपरेटिव श्यामलाल ने पुष्टि की कि अब विवाद समाप्त हो गया है और कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद वितरण नियमानुसार सभी किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र में राजनीतिक हलचल भी देखने को मिली, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई है।

## गोला में संपूर्ण समाधान दिवस, 84 शिकायतें दर्ज

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को तहसील गोला गोकर्णनाथ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और शिकायतों का समाधान संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गरीब और पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता देकर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 84 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राजस्व की 47, पुलिस की 11, आपूर्ति की 7, विकास की 4, विद्युत की 3, बैंक की 2, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की 1 तथा अन्य 9 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान हेतु भेजा गया। कार्यक्रम में एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ अरुण कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पांडेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार भीमसेन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रमुवापुर और सौरभ इलेवन की जीत

**स्वतंत्र भारत तिकुनियां, खीरी।** ऐपजा पत्रकार संघ द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों में रमुवापुर और सौरभ इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में रमुवापुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 94 रन बनाए। राजा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए, जबकि दिलशाद ने दो विकेट लिए। जवाब में सरफराज इलेवन 8 विकेट पर 60 रन ही बना सकी और रमुवापुर ने 35 रन से मैच जीत लिया। राजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में शाहनवाज इलेवन ने 5 विकेट पर 82 रन बनाए। आकाश ने 33 और तेजपाल ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सौरभ इलेवन जीत की ओर बढ़ रही थी, तभी एक गेंद को लेकर विवाद हो गया। शाहनवाज इलेवन मैदान छोड़कर चली गई। काफी इंतजार के बाद अंपायरों ने सौरभ इलेवन को विजेता घोषित कर दिया। तनु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।



## छोटी काशी में डीएम-एसपी-सीडीओ ने परखी तैयारियां, दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** आगामी श्रावण माह के दौरान छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में आने वाले श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाओं के दृष्टिगत डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मंदिर कॉरिडोर, परिसर तथा प्रमुख संपर्क मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल करते हुए साफ संदेश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने नक्शे के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की व्यवस्था का विस्तृत खाका समझा। श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के निर्बाध आवागमन, पार्किंग, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कॉरिडोर निर्माण की कार्यदायी संस्था को डीएम ने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि श्रावण माह शुरू होने से पहले सभी जरूरी अवशेष कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी एसडीएम स्तर से होगी और कार्यदायी संस्था प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम-एसपी ने मेला अवधि के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता तथा अन्य नागरिक सुविधाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं ताकि छोटी काशी में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित दर्शन का अनुभव मिल सके। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ महक शर्मा, ईई पीडब्लूडी तरुणेन्द्र त्रिपाठी, जिला अग्निशमन अधिकारी अक्षय रंजन शर्मा, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बदलाव के लिए

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों में जबर्दस्त उलट फेर के बाद अब संसद के मानसून सत्र पर निगाहें टिक गई हैं। चुनाव परिणामों और उसके बाद की गतिविधियों से संसद में एनडीए के संख्या बल में बढ़ोतरी के बाद सत्र की गतिविधियों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। माना जा रहा है कि अपनी बढ़ी ताकत से उत्साहित मोदी सरकार कई अहम विधेयक इस सत्र में ला सकती है। इसी पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा 130वां संविधान संशोधन विधेयक लाने की उम्मीद है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को पांच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। यह सही है कि देश की राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मुद्दे पर लंबे समय से बातें होती रही हैं लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन सकी है कि केवल साफ छवि के लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। आज इस बात में कोई संशय नहीं कि देश की राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का बढ़ता दखल गंभीर समस्या बन चुका है। कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत तकनीकी जटिलताओं का फायदा उठा कर संसद या विधान सभाओं में कई बार ऐसे लोग भी चुन कर पहुंच जाते हैं जिन पर गंभीर व जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप लगा रहता है। जब ये बातें सामने आती हैं तब चिंता तो सभी दल जताते हैं लेकिन ऐसे लोगों को टिकट न देने की किसी भी दल में कोई इच्छाशक्ति नहीं होती। हैरत की बात यह है कि चुनाव आयोग भी इस मामले पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाता है। इसीलिए पिछले साल अगस्त में सरकार ने संसद में यह विधेयक पेश किया था पर विपक्ष की आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति बनी। हालांकि अपनी बात न सुने जाने का आरोप लगा कर विपक्ष समिति का बहिष्कार कर दिया था। अब विधेयक पर विचार करने के बाद यदि समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है तो मानसून सत्र में इसे फिर पेश किया जाएगा। वैसे भी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही बढ़ाने से लेकर लोकतंत्र में नैतिकता सुनिश्चित किए जाने के लिए इस समय सख्त कानूनी प्रावधान की जरूरत है। लेकिन यह सावधानी भी बरतनी होगी कि नया कानून देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर विपरीत प्रभाव डालने वाला न हो। प्रस्तावित कानून में यह व्यवस्था भी स्पष्ट रूप से होनी चाहिए कि केवल किसी चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के इरादे से इसका दुरुपयोग न होने पाए। स्वस्थ दृष्टिकोण रखकर बना तो यह कानून देश की राजनीति में निश्चित रूप से गुणात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## संगठित जालसाजी

पिछले दिनों लखनऊ के विभूति खंड में पकड़े गए फर्जी अंतर्राष्ट्रीय काल सेंटर के बारे में अब सामने आ रही जानकारियों से पता लगता है कि जालसाजी का काम भी कितने संगठित रूप से आपराधिक ढंग से खड़ा कर लिया जाता है। पकड़े गए एक सौ उन्नीस कर्मचारियों में स्थानीय लोग कम हैं और मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और असम के लोग अधिक हैं। इनकी जालसाजी का खास मकसद प्रौढ़ अमेरिकन नागरिकों को ठगना था जिनसे ये लोग अभी तक ढाई अरब रुपए वसूल चुके हैं। फोन पर अमेजन कंपनी के कर्मचारी बन कर झांसे का जाल फैलाने वाले ये साइबर ठग महीने में तनख्वाह और इंसेंटिव मिला कर एक से डेढ़ लाख रुपए तक कमा लेते थे। शक के दायरे से बाहर रहने और अपना हाई प्रोफाइल बनाए रखने के लिए ये लोग लखनऊ के महंगे पॉश इलाकों व होटलों में रहते थे। अपने शिकार का भरोसा जीतने के लिए ये खुद को अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी गिरामी कंपनियों का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बताते थे। गिरोह के काम करने के शातिर तौर तरीकों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है विभूति खंड के ऑफिस से डेढ़ साल तक इनकी जालसाजी चलती रही लेकिन स्थानीय पुलिस और एलआईयू को इसकी भनक तक न लग सकी। संदेह की सुई से बचने के लिए ही गिरोह ने भारत नहीं बल्कि हजारों मील दूर अमेरिका में बैठे लोगों को शिकार बनाने का रास्ता चुना। अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से इतने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी किए जाने का लखनऊ में यह अपने आप में पहला बड़ा मामला भले ही हो पर इस संभावना से इंकार नहीं हो सकता कि छोटे या बड़े पैमाने पर इसी ढंग के अन्य जालसाजों ने भी अपना चला रखा हो। चूंकि शहर का तेजी के साथ विस्तार हो रहा है और व्यावसायिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं तो ऐसे काम किए जाने की कोशिशें संभव भी हो सकती हैं।



## काँव-काँव



♦♦♦

**भारी बारिश के बावजूद नहीं भर पा रहे जलाशय**
जैसे करोड़ों रुपये खाकर भी नीयतें नहीं भरतीं!
**बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट पर मेटा को नोटिस**
एपस्टीन फाइल की चर्चा अमेरिका में जारी है!
**मुझे रोकना है तो मारना ही पड़ेगा-ममता बनर्जी**
दीदी की सुरक्षा अब केंद्र सरकार का सिरदर्द है!
**चढ़ावा चोरी के पापियों को सख्त सजा-भागवत**
चोरों को चाबी सौंपने वाले निर्दोष बने रहेंगे?
**मानसून सत्र में आ सकता है परिसीमन विधेयक**
समय रहते ही मन की मर्जी पूरी करनी चाहिये!
**सत्ताईस में जीत के रिकार्ड तोड़ेगी भाजपा-नबीन**
तोड़ने फोड़ने में भाजपा को महारत हासिल है!

♦♦♦

# दल-बदल कानून पर पुनर्विचार की जरूरत

**पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो।**

**– संजय कुमार**

पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं।


प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो।

यह बिल्कुल सही है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले नव निर्वाचित विधायकों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो तकनीकी रूप से बिना अयोग्यता के पार्टी विभाजन के लिए आवश्यक है. पर इससे इतर चुनावी जनादेश की पवित्रता पर भी विचार करने की आवश्यकता है. बड़ा प्रश्न यह है कि चुनावी नतीजे के बाद नेताओं का मूल पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी के साथ चले जाने से क्या उन मतदाताओं के साथ धोखा नहीं हो रहा, जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी के आधार पर ही चुनाव में वोट दिया था? अपने देश में बड़ी संख्या में मतदाता चुनावों में उम्मीदवारों को नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को वोट देते हैं. उनके लिए उम्मीदवारों की तुलना में राजनीतिक पार्टियों का महत्व अधिक है. पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद जिन विधायकों ने दल-बदल किया, वे दरअसल कुछ ही दिन पहले तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर आये थे. इस वर्ष हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा, जहां उसे केवल 80 सीटें मिलीं और 40.1 प्रतिशत वोट मिले. जबकि भाजपा ने 207 सीटें जीतीं और उसने 45.8 प्रतिशत वोट हासिल किये।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विधायकों और सांसदों के दल-बदल की स्थिति पहले के दौर की तुलना में बेहतर हुई है, जब कोई कानून नहीं था और जनप्रतिनिधि बिना सोचे-समझे रातों-रात पार्टी बदल लेते थे. लेकिन सच बात तो यह है कि अब भी स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में विभाजन किसे कहा जाये. इसलिए इस पर स्पष्ट परिभाषा की आवश्यकता है. इस अस्पष्टता को इसलिए भी दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि हाल के वर्षों में दल-बदल से जुड़े अधिकांश प्रश्न इसी कारण विवादित रहे हैं कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. हर बार जब दल-बदल होता है, तब यह सवाल उठता है कि क्या अलग समूह बना लेना पर्याप्त है या फिर कानून के तहत उस समूह का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय अनिवार्य है. तृणमूल कांग्रेस के जिन विधायकों ने दल-बदल किया, उन्होंने एक अलग समूह बनाया है और किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में अपना विलय नहीं किया है. जबकि तृणमूल के लोकसभा सांसदों ने अयोग्यता से बचने के लिए एनसीपीआइ, यानी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में अपना विलय कर लिया। सवाल यह है कि क्या वर्तमान कानून के तहत दोनों स्थितियां वैध हैं. इस मुद्दे पर स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय करना अनिवार्य होना चाहिए या फिर अलग समूह के रूप में बने रहना भी स्वीकार्य हो सकता है. वास्तविकता यह है कि ऐसे मामलों में स्पीकर द्वारा निर्णय लेने में कोई एकरूपता नहीं रही है कि दल-बदल वैध है या नहीं. कुछ मामलों में निर्णय जल्दी लिया जाता है, जबकि कुछ मामलों में स्पीकर द्वारा फैसला लेने में काफी समय लग जाता है. इस असमानता को देखते हुए स्पीकर द्वारा दल-बदल से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने के लिए कानून में एक निश्चित समय सीमा तय करने पर विचार करना उचित होगा. दल-बदल के मामले में अयोग्यता से बचने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की आवश्यकता एक उचित शर्त प्रतीत होती है।

हालांकि, छोटे राजनीतिक दलों में जहां विधायकों और सांसदों की संख्या कम होती है, वहां यह शर्त अप्रासंगिक हो जाती है. लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि एक राजनीतिक पार्टी से चुने जाने के बाद दूसरी राजनीतिक पार्टी में चले जाने की स्थिति में व्यक्तिगत मतदाता के वोट की पवित्रता का क्या होगा. ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं, जब जनप्रतिनिधियों ने उस राजनीतिक पार्टी में शामिल होकर दल-बदल किया, जिसके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा था. इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या दल-बदल करने वाले जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं. यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है, जब हम यह पाते हैं कि चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों में या कुछ सप्ताहों के भीतर ही दल-बदल हो जाता है, जैसा कि पश्चिम बंगाल में हाल की घटनाओं में देखा गया। दल-बदल विरोधी कानून को बने 41 वर्ष हो चुके हैं. वर्ष 2003 में इसमें एक संशोधन किया गया था, जब एक-तिहाई की शर्त को हटाकर दो-तिहाई कर दिया गया था. मेरा मानना है कि इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. यह भी सोचा जा सकता है कि क्या इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए कि जैसे ही कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदले, तो उसकी सदस्यता तत्काल समाप्त हो जाये और उस सीट पर उपचुनाव अनिवार्य हो. इससे नेताओं में व्यक्तिगत लाभ या हित के लिए दल-बदल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकता है. निश्चित रूप से यह आसान निर्णय नहीं होगा, लेकिन इस पर विचार तो किया ही जा सकता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

**(गतांक से आगे**

यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति। तत एव च विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ।। 30।

जिस काल में मनुष्य भूतों के न्यारे-न्यारे भावों को एक परमात्मा में प्रवाहित स्थित देखता है तथा उस परमात्मा से ही सम्पूर्ण भूतों का विस्तार देखता है, उस समय वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। जिस क्षण यह अवस्था आ गयी, उसी क्षण वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। यह लक्षण भी स्थितप्रज्ञ महापुरुष का ही है।

अनादित्वान्निर्गुणत्वात्परमात्मायमव्ययः । शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते ।। 31 ।।

कौन्तेय ! अनादि होने से और गुणातीत होने से यह अविनाशी परमात्मा शरीर में स्थित होते हुए भी वास्तव में न करता है और न लिप्त ही होता है।

किस प्रकार ? -

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते । सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ।। 32 ।।

जिस प्रकार सर्वत्र व्याप्त हुआ आकाश सूक्ष्म होने के कारण लिप्त नहीं होता, ठीक वैसे ही सर्वत्र देह में स्थित हुआ भी आत्मा गुणातीत होने के कारण देह के गुणों से लिप्त नहीं होता। आगे कहते हैं- यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः। क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ।। 33।।

अर्जुन ! जिस प्रकार एक ही सूर्य सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार एक ही आत्मा सम्पूर्ण क्षेत्र को प्रकाशित करता है। अन्त में निर्णय देते हैं-

क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा। भूतप्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम्।। 34।। इस प्रकार क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के भेद को तथा विकारसहित प्रकृति से छूटने के उपाय को जो ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा देख लेते हैं, वे महात्माजन परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होते हैं। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अनृत साहस मूढता, कपटरु कृतघन आइ ।**
**निरदयतारु मलीनता, तियमें सहज रजाइ ॥**

झूठ बोलना, एकाएक कोई काम कर बैठना, नखरे करना, मूर्खता करना, ज़्यादा लालच रखना, अपवित्र रहना और निर्दयता का बर्ताव करना ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं।

♦♦♦

# मौलिक सोचने की क्षमता को चुनौती दे रहा है एआइ

**– अनुभा सिंह**

इतिहास गवाह है कि जब भी किसी नये उपकरण का आविष्कार हुआ, उसने मानव श्रम को आसान बनाया. पहिये ने हमारे पैरों की थकान हरी, भाप के इंजनों ने बाहुबल की निर्भरता को अप्रासंगिक किया और कंप्यूटर ने जटिल गणनाओं को पलक झपकते ही संभव बना दिया. पर, इन तमाम युगांतकारी परिवर्तनों के बीच मनुष्य का मस्तिष्क अक्षुण्ण और सुरक्षित था. सोचना, मौलिक जिज्ञासा करना, संदेह प्रकट करना और वैचारिक अंतर्विरोधों से जूझना केवल और केवल मनुष्य का विशेषाधिकार रहा. पर आज इतिहास में पहली बार हम एक ऐसे मोड़ पर आ खड़े हुए हैं, जहां तकनीक हमारे इसी सर्वोच्च विशेषाधिकार यानी 'सोचने की क्षमता' को चुनौती दे रही है।

आज चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लॉड और डीपसीक जैसे एआइ प्लेटफॉर्म केवल पारंपरिक सर्च इंजनों की तरह सूचनाएं एकत्र नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे मानव मस्तिष्क की नकल करते हुए निबंध लिख रहे हैं, जटिल शोध-पत्र तैयार कर रहे हैं, कविताएं रच रहे हैं और सॉफ्टवेयर के कोड लिख रहे हैं. एकेडमिक और बौद्धिक जगत में इसका असर साफ दिखने लगा है. आज शोध का पहला चरण 'प्रॉम्प्ट' लिखना हो गया है और अंतिम चरण 'कॉपी-पेस्ट' करना. इस कारण बौद्धिक परिपक्वता का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है. 'एमआइटी मीडिया लैब' की एक हालिया जांच में पाया गया कि जो छात्र अपने एकेडमिक कार्यों के लिए चैटजीपीटी जैसे एआइ टूल्स पर अत्यधिक निर्भर थे, उनके इइजी माप में मस्तिष्क की सक्रियता काफी कम दर्ज की गयी. तर्क-वितर्क करने की गुणवत्ता भी बेहद निम्न स्तर की पायी गयी।

इसी तरह, गार्लिक द्वारा 2025 में 17 से 25 वर्ष के 666 युवाओं पर किये गये एक व्यापक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि एआइ पर निर्भरता के कारण युवाओं के 'क्रिटिकल थिंकिंग स्कोर' में उल्लेखनीय गिरावट आयी है. इस डिजिटल शॉर्टकट ने साहित्यिक चोरी (प्लेगरिज्म) को भी एक नया, परिष्कृत और अदृश्य चेहरा दे दिया है. आज बड़े भाषा मॉडल इंटरनेट पर मौजूद अरबों स्रोतों से सामग्री उठाते हैं और उसे इस तरह से पुनर्गठित करते हैं कि मौजूदा प्लेगरिज्म डिटेक्शन सॉफ्टवेयर भी कई बार चकमा खा जाते हैं. परिणामतः, हम एक ऐसी बौद्धिक पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो तात्कालिक उत्तर देने में तो माहिर है, लेकिन उसमें नये प्रश्नों को जन्म देने की क्षमता समाप्त हो रही है।

इससे भी बड़ा संकट यह है कि जब एआइ को किसी प्रश्न का सही उत्तर नहीं पता होता, तो वह अपनी प्रोग्रामिंग के आधार पर मनगढ़ंत तथ्य और आंकड़े तैयार कर देता है. इतिहास में पहली बार ऐसा दौर आया है जब गलत और भ्रामक सूचनाएं इतनी सुगठित, व्याकरण सम्मत और आश्वस्त करने वाली भाषा में प्रस्तुत की जा रही हैं कि वे सच से भी ज्यादा सच दिखने लगी हैं. यह केवल तकनीकी खामी नहीं है, लोकतंत्र, न्यायपालिका, चिकित्सा और पत्रकारिता जैसे स्तंभों के लिए गंभीर अस्तित्वपरक संकट है. हमें इस भ्रम से भी बाहर निकलना होगा कि एल्गोरिदम पूरी तरह से निष्पक्ष और तटस्थ होते हैं।

मशीनें अंततः वही सीखती हैं जो मनुष्य उन्हें सिखाता है. यहां सबसे बड़ा प्रश्न नैतिक जवाबदेही का है. यदि किसी एआइ जनित गलत चिकित्सा सलाह से किसी मरीज की जान चली जाये, या मशीन की त्रुटि के कारण अदालत में कोई निर्दोष दोषी सिद्ध हो जाये, तो कटघरे में किसे खड़ा किया जायेगा?

इस आभासी दुनिया का एक और स्याह पहलू है. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में ही दुनियाभर के डाटा सेंटरों ने वैश्विक बिजली का 1.5 प्रतिशत (लगभग 415 टेरावॉट-ऑवर) हिस्सा डकार लिया. अनुमान है कि 2030 तक यह खपत बढ़कर 945 टेरावॉट-ऑवर हो जायेगी. संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की 2026 की हालिया चेतावनी की मानें, तो एआइ सर्वरों और सुपरकंप्यूटरों को ठंडा रखने के लिए होने वाली पानी की खपत 2030 तक 1.3 अरब लोगों की घरेलू पानी की जरूरत के बराबर हो जायेगी



और उसका कार्बन उत्सर्जन अर्जेंटीना जैसे बड़े देश के कुल उत्सर्जन को पार कर जायेगा. इस वैश्विक संकट को देखते हुए दुनिया के अग्रणी देशों ने संभलना शुरू कर दिया है. चीन ने अपनी प्राथमिक कक्षाओं में जेनरेटिव एआइ के स्वतंत्र उपयोग पर कड़ा अंकुश लगाया है. वहीं अमेरिका ने प्रतिबंध के बजाय 'एआइ साक्षरता' का मार्ग चुना है. भारत में भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एआइ के अनधिकृत उपयोग को अकादमिक कदाचार की श्रेणी में शामिल किया है।

हालांकि, भारतीय संदर्भ में एक व्यावहारिक उलझन यह भी आ रही है कि कई बार एआइ डिटेक्टर सॉफ्टवेयर छात्रों के मौलिक लेखन को भी मशीन जनित घोषित कर देते हैं. इसलिए, भारत को केवल सॉफ्टवेयर पर निर्भर रहने के बजाय वाइवा, विशेषज्ञ समीक्षा और पारदर्शी प्रकटीकरण की नीतियों को समान महत्व देना होगा. एआइ हमारी भाषा सुधार सकता है, शुरुआती मसौदा तैयार कर सकता है और विशाल डाटा को व्यवस्थित कर सकता है, पर संवेदनशीलता, अनुभव, नैतिक विवेक, अंतरात्मा की आवाज और मौलिक चिंतन आज भी केवल मनुष्य की ही थाती हैं. हमें 'एआइ के साथ सोचना' सीखना होगा, न कि 'एआइ द्वारा सोचा जाना' स्वीकार करना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### सच्चा राजा

एक बड़ा महत्वाकांक्षी राजा था। उसने छोटे-बड़े बहुत-से राज्य जीते। चारों ओर उसकी दुंदुभि बजने लगी। मारे अहंकार के उसका दिमाग आसमान पर चढ़ गया। वह मानने लगा कि उसके मुकाबले का कोई भी राजा नहीं है।

एक बार की बात है। वह छोटे-छोटे राज्यों को जीतकर अपने देश को लौट रहा था। रास्ते में एक गांव पड़ा। वहां उसने देखा कि एक साधु अपनी कुटिया के पास बैठा मस्ती से गा रहा है। उसकी मस्ती को देखकर राजा वहां रुक गया।

उसने साधु से पूछा, तुम कौन हो ?

साधु ने कहा, राजा!

राजा ने यह सुनकर सोचा कि शायद साधु ने उसके सवाल को ठीक से सुना नहीं। कहां फकीर और कहां राजा! उसने अपने सवाल को दोहराया, तुम कौन हो ?

उत्तर वही मिला, राजा।

राजा ने कहा, राजा के पास तो राज्य और खजाना होता है। तुम्हारा राज्य और खजाना कहां है ?

साधु ने राजा की ओर देखा। फिर बोला, देखो, मैंने अपने मन को जीत लिया है। इसलिए मेरा मन मेरा राज्य है। जहांतक खजाने की बात है, प्रकृति ने चारों ओर खजाना-ही-खजाना फैला रखा है। वह सब मेरा ही तो है।

राजा ने समझा कि उसका कहना सही था। राज्यों को जीतना आसान है, पर मन को जीतना कठिन है। इसलिए सच्चा राजा मैं नहीं, वह साधु है।

## आपका पत्र मिला

### गैर-व्यापार बाधाएं

क्या अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के क्रम भारत अमेरिका को इस बात पर राजी कर पाएगा कि वह दोनों देशों के कारोबार में गैर-व्यापार बाधाएं खड़ी ना करे? भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर भारत में हैं। उन्हें आशा है कि मंगलवार और बुधवार की वार्ताओं के दौरान ऐसा हो जाएगा। मगर मुद्दा है कि क्या बातचीत का आधार द्विपक्षीय समझौते का वही फ्रेमवर्क है, जिस पर पिछले फरवरी में सहमति बनी थी? या बदली परिस्थितियों के मद्देनज़र भारत फिर से सौदेबाजी कर रहा है? फ्रेमवर्क के एलान के बाद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया था। उससे भारत सरकार को नया मौका मिला। उसका लाभ उठाकर वह उन आलोचनाओं को दूर कर सकती है, जिनसे इस मामले में उस पर समर्पण करने के आरोप लगे हैं।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में कहा कि भारत- अमेरिका ट्रेड डील को तब तक लागू नहीं किया जाएगा, जब तक भारत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सुनिश्चित नहीं हो जाता।

इसका अर्थ है कि भारत पर लगने वाले शुल्क दरों को अमेरिका बांग्लादेश, वियतनाम और कुछ मामलों में चीन पर लगे टैरिफ से कुछ नीचे कर दे, तो डील भारत को स्वीकार्य हो जाएगा। स्पष्टतः यह अपने मानक को काफी नीचे रखना है। फ्रेमवर्क में शामिल अमेरिका से अनिवार्य खरीदारी, ऊर्जा खरीद पर उसकी अनुचित शर्तों को मानने, और अपने बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोलने जैसी शर्तें शामिल हैं। उन्हें फिर वार्ता की मेज पर लाने के बजाय भारत का निम्न मानक को अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# मंदिर में घंटा कब बजाना चाहिए इसका सही नियम और महत्व



हिंदू परंपरा में मंदिर में स्थापित घंटा या घंटी बजाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी छिपा है। मान्यता है कि घंटी की ध्वनि 'ॐ' के समान कंपन उत्पन्न करती है, जो मन और वातावरण दोनों को शुद्ध करती है। यही कारण है कि मंदिर में प्रवेश करते ही घंटा बजाने की परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। स्कंद पुराण सहित कई शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि घंटी की आवाज से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और देव शक्तियां सक्रिय होती हैं। इस कार्य में भी कुछ नियमों और सावधानियों का पालन करना जरूरी है। अनजाने में की गई छोटी-सी गलती पूजा के पूर्ण फल में बाधा बन सकती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि मंदिर का घंटा कब और कैसे बजाना चाहिए।

**कब बजाना चाहिए मंदिर का घंटा**

शास्त्रों के अनुसार मंदिर में प्रवेश करते समय घंटी बजाना सबसे शुभ माना जाता है। घंटी की ध्वनि मन को सांसारिक उलझनों से दूर कर एकाग्र बनाती है, जिससे भक्त पूरी श्रद्धा के साथ पूजा कर पाता है। आरती के समय घंटी बजाना भी अत्यंत फलदायी माना गया है, क्योंकि इससे पूजा की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। घर के मंदिर में भी सुबह और शाम पूजा आरंभ करने से पहले घंटी बजाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और वातावरण पवित्र बना रहता है। पुराणों में घंटी की ध्वनि को सृष्टि की मूल नाद शक्ति का प्रतीक माना गया है, जो मानसिक अशांति और नकारात्मक विचारों को दूर करती है।

**किस समय घंटा नहीं बजाना चाहिए**

वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर से बाहर निकलते समय घंटी बजाना उचित नहीं माना जाता। प्रवेश के समय घंटी बजाकर देवताओं का आह्वान किया जाता है, लेकिन लौटते समय ऐसा करने से पूजा के दौरान प्राप्त शांति और सकारात्मकता बाधित हो सकती है। इसलिए पूजा के बाद शांत मन से देवताओं को प्रणाम करके बाहर निकलना चाहिए।

**घंटी बजाते समय ध्यान रखने योग्य नियम**

शास्त्रों के अनुसार घंटी को बार-बार या बहुत देर तक नहीं बजाना चाहिए। सामान्य रूप से 2 से 3 बार पर्याप्त होता है। घर में पूजा करते समय बाएं हाथ से घंटी बजाना चाहिए। रात्रि में तेज आवाज में घंटी बजाने से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि घंटी की ध्वनि कुछ क्षण तक गूंजनी चाहिए, जिससे सकारात्मक कंपन उत्पन्न हो।

# पूजा के बाद बची सामग्री का क्या करना चाहिए?



चाहे घर में छोटी पूजा हो या कोई बड़ा धार्मिक अनुष्ठान, पूजा के बाद कुछ सामग्री का बच जाना आम बात है। भोग, फूल, माला या अन्य चढ़ाई गई चीज़ों का दोबारा पूजा में इस्तेमाल नहीं किया जाता, ऐसे में अक्सर यह

**फूल माला और हल्दी-कुमकुम का आसान उपयोग**

सवाल उठता है कि इन्हें सही तरीके से कैसे निपटाया जाए। कुछ सामग्री ऐसी होती हैं जिन्हें पूजा घर में सुरक्षित रखा जा सकता है, लेकिन कई वस्तुएं ऐसी होती हैं जिनके लिए उचित और सम्मानजनक तरीका अपनाना जरूरी होता है। पूजा से जुड़ी वस्तुओं के निपटान में साफ़-सफाई और धार्मिक नियमों के साथ-साथ पर्यावरण का ध्यान रखना भी बेहद ज़रूरी है। इसलिए पूजा में हमेशा सात्विक और प्राकृतिक चीज़ों का ही उपयोग करें और प्लास्टिक या अन्य नुकसानदायक सामग्री से बचें। आगे जानते हैं कि पूजा के बाद बची सामग्री के संबंध में क्या नियम हैं और उन्हें किस तरह सही तरीके से उपयोग या विसर्जित किया जाना चाहिए।

**दीपक में बचा हुआ घी या तेल**

यदि पूजा में रखा गया घी पूरा खत्म नहीं हुआ है, तो उसे संभालकर रख सकते हैं और अगली पूजा में दीया जलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। घी का दोबारा दीपक में प्रयोग करना शुभ माना जाता है। वहीं तेल के मामले में सावधानी रखनी चाहिए। पूजा में इतना ही तेल रखें कि वह दीया जलते-जलते समाप्त हो जाए। पूजा में बचा हुआ तेल किसी अन्य कार्य या भोजन बनाने में इस्तेमाल करना शुभ नहीं माना जाता।

**अक्षत, हल्दी और कुमकुम**

पूजा में अर्पित की गई अक्षत, हल्दी और कुमकुम को दोबारा पूजा में प्रयोग नहीं किया जाता। इन्हें तुलसी के पौधे या पीपल के वृक्ष में अर्पित करना श्रेष्ठ माना गया है। चाहें तो इन्हें स्वच्छ जल में प्रवाहित भी कर सकते हैं। अक्षत को चिड़ियों को डालना भी एक अच्छा और पुण्यकारी उपाय है। ध्यान रखें कि जहां ये सामग्री डाली जाए, वह स्थान साफ हो और वहां किसी का पैर न पड़े।

**पूजा में रखे गए फल और प्रसाद**

भगवान को अर्पित किया गया भोग और प्रसाद सभी में बांट देना चाहिए। यदि फिर भी कुछ बच जाए, तो उसे गाय या आसपास के पशु-पक्षियों को खिला दें। पूजा की खाद्य सामग्री को कूड़े में फेंकना अशुभ माना जाता है, इसलिए इसका सम्मानपूर्वक उपयोग करें।

**पूजा में उपयोग किए गए वस्त्र**

पूजा में चढ़ाए गए या उपयोग किए गए वस्त्र दोबारा पूजा में लगाए जा सकते हैं। यदि वे पहनने योग्य हों, तो उन्हें जरूरतमंद लोगों को दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पूजा में उपयोग किए गए फूल और माला**

पूजा के फूल और माला को कभी भी कूड़े में नहीं फेंकना चाहिए। इन्हें गमले की मिट्टी में दबा सकते हैं या किसी पवित्र पेड़ की जड़ में डाल सकते हैं। इससे ये प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता।

**पूजा में उपयोग की गई बाती या रुई**

पूजा में जली या उपयोग की गई बाती को तुलसी के पौधे के पास रख देना या किसी पवित्र स्थान की मिट्टी में दबा देना उचित माना जाता है। इसे इधर-उधर फेंकने से बचें।

# मंदिर दर्शन के बाद सीढ़ियों पर क्यों बैठते हैं भक्त?



सनातन धर्म में मंदिर दर्शन को केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और मानसिक शांति का साधन माना गया है। अक्सर देखा जाता है कि मंदिर में

**क्या है इसके पीछे की धार्मिक मान्यता**

देवदर्शन के पश्चात श्रद्धालु तुरंत घर लौटने के बजाय कुछ समय मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करते हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इसके पीछे केवल शारीरिक थकान नहीं, बल्कि गहरी धार्मिक, पौराणिक और आध्यात्मिक मान्यताएं निहित हैं।

**1. दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने की परंपरा**

धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिर में ईश्वर का वास होता है, जहां सकारात्मक और सात्विक ऊर्जा का प्रवाह अत्यंत प्रबल रहता है। गर्भगृह में दर्शन करते समय भक्त का मन सांसारिक विचारों से मुक्त होकर ईश्वर में एकाग्र हो जाता है। ऐसे में सीढ़ियों पर कुछ देर शांत भाव से बैठना उस दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने का माध्यम माना जाता है। इससे मन में उत्पन्न शांति स्थायी होती है और भक्त को आध्यात्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

**2. पौराणिक कथाओं में विश्राम का उल्लेख**

पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में वर्णन मिलता है कि ऋषि-मुनि एवं साधक देवदर्शन के बाद तुरंत सांसारिक जीवन में नहीं लौटते थे। वे मंदिर प्रांगण या सीढ़ियों पर बैठकर ध्यान, जप या मौन साधना करते थे। मान्यता है कि ऐसा करने से ईश्वर की कृपा हृदय में स्थिर होती है। यदि दर्शन के तुरंत बाद व्यक्ति बाहरी दुनिया की हलचल में लौट जाए, तो दर्शन का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

**3. आध्यात्मिक और भौतिक जगत के बीच संतुलन**

मंदिर की सीढ़ियों को धार्मिक दृष्टि से एक संक्रमण स्थल माना गया है। यह स्थान आध्यात्मिक लोक और सांसारिक जीवन के बीच सेतु का कार्य करता है। यहां बैठने से मन धीरे-धीरे भक्तिभाव से सामान्य अवस्था में आता है। यह संतुलन मानसिक अशांति से बचाता है और व्यक्ति को सहजता से अपने दैनिक जीवन में लौटने में सहायता करता है।

**4. योग और आयुर्वेद की दृष्टि से महत्व**

योग एवं आयुर्वेद के अनुसार दर्शन के समय शरीर की इंद्रियां और मन अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। इससे ऊर्जा का प्रवाह तेज हो जाता है। ऐसे में कुछ समय शांत बैठना शरीर और मन को संतुलन प्रदान करता है। सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करने से रक्तचाप सामान्य रहता है, मन स्थिर होता है और एकाग्रता बढ़ती है। यही कारण है कि साधक और वृद्धजन इस परंपरा का विशेष पालन करते हैं।

**5. विनम्रता और अहंकार त्याग का प्रतीक**

भूमि या सीढ़ियों पर बैठना धार्मिक रूप से विनम्रता और समर्पण का प्रतीक माना गया है। इससे भक्त के भीतर यह भाव जागृत होता है कि ईश्वर के सामने सभी समान हैं। यह परंपरा व्यक्ति के अहंकार को शांत करती है और जीवन में सरलता व संतुलन लाने में सहायक बनती है। यही संस्कार धीरे-धीरे सामाजिक व्यवहार में भी दिखाई देता है।

# हनुमान मंदिर से लौटते ही बदलें रास्ता, शनि पीड़ा से मिलेगी मुक्ति



अक्सर लोगों से यह सुनने को मिलता है कि जिस रास्ते से हनुमान मंदिर जाना चाहिए, फिर उस रास्ते से वापस नहीं लौटना चाहिए। बता दें कि यह मान्यता हिंदू धर्म की परंपराओं और ज्योतिषीय सिद्धांतों पर आधारित है। जिसका सीधा संबंध हनुमान जी और शनिदेव भगवान से है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि आखिर हनुमान मंदिर जाने के बाद उसी रास्ते से वापस क्यों नहीं लौटना चाहिए।

**क्या है ज्योतिषीय कारण-** हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है और माना जाता है कि वह अपने भक्तों की शनि की साढ़े साती, ढैय्या और अन्य अशुभ प्रभावों से रक्षा करते हैं। इसलिए मंदिर से वापस आने के बाद रास्ता बदलने का नियम सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि जीवन की नकारात्मकता और बाधाओं को वहीं पर छोड़े जाने का प्रतीकात्मक तरीका है। माना जाता है कि जब कोई भक्त संकटमोचन हनुमान जी के मंदिर जाता है, तो वह अपने कष्ट, दुख, दुर्भाग्य और शनि से जुड़े दोष लेकर जाता है। वहीं मंदिर में दर्शन और पूजा करने से बाद यह सारे दोष, बाधाएं और नकारात्मक ऊर्जा वहीं छूट जाती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक अगर आप फिर उसी रास्ते से जाते हैं, तो आप उन अशुभ प्रभावों और बाधाओं को अपने साथ लेकर आते हैं, जिनको आप मंदिर में छोड़ आए थे। वहीं अलग रास्ता अपनाना एक नई शरुआत के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

ऐसा करना यह दर्शाता है कि आपने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया है। आप अब एक नए, बाधा मुक्त और शुभ मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। यह नियम और परंपरा जीवन में पुराने कष्टों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और सकारात्मकता के मार्ग पर चलने का संकेत देता है। रास्ता बदने से जातक यह निश्चित करता है कि आप पुरानी समस्याओं को वापस अपने घर नहीं लाएंगे। हनुमान जी की पूजा करने और प्रसन्न करने से शनिदेव शांत होते हैं। ऐसे में मंदिर से लौटते हुए जब आप रास्ता बदलते हैं, तो यह शनि के अशुभ प्रभाव को निष्क्रिय करने का तरीका माना जाता है।

यह क्रिया बताती है कि आप शनि के दोषों से मुक्त होकर एक नए और सुरक्षित मार्ग को चुन रहे हैं। जिस पर हनुमान जी की सुरक्षा बनी है। इसलिए अधिकतर भक्त हनुमान मंदिर से वापस आते समय रास्त बदलने के नियम का पालन करते हैं।

# गणपति को मोदक क्यों है इतना भाता



मोदक को आप व्रत में भी खा सकते हैं।

गणेश उत्सव पर भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरह के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। गणपति बप्पा को इनमें से सबसे ज्यादा मोदक का प्रसाद चढ़ाया जाता है। वहीं लोगों के बीच यह मान्यता है कि मोदक भगवान गणेश को सबसे ज्यादा पसंद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर भगवान गणेश को मोदक का भोग ही क्यों लगाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके पीछे की धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं क्या है।

**मोदक का प्रसाद चढ़ाने का धार्मिक महत्व**

धार्मिक शास्त्रों में मोदक को ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। मोदक का आकार गोल होता है, जोकि पूर्णता और सुख-समृद्धि को दर्शाता है।

मान्यता है कि मोदक खाने से मन और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शुद्ध दूध तैयार किया जाता है। मोदक भगवान गणेश को अतिप्रिय हैं। साथ ही लोगों को भी इसका प्रसाद अच्छा लगता है। इसको बनाने के लिए किसी भी चीज का अधिक इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इसको शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसलिए मोदक बप्पा को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है।मोदक का मीठा स्वाद हमें यह संदेश देता है कि ज्ञान का फल हमेशा मधुर होता है।

भगवान गणेश को 21 मोदक का भोग लगाने की परंपरा काफी लंबे समय से चलता आ रहा है। 21 संख्या ब्रह्मांड की 21 ऊर्जा शक्तियों का प्रतीक मानी जाती है। मोदक चावल के आटे, नारियल और गुड़ से बनाए जाते हैं। जोकि शररी को ऊर्जा प्रदान करते हैं। मोदक को दूध से बने खोए से भी बनाया जाता है और यह शुद्ध होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 7 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे सप्तमी तिथौ मंगल वासरे 13/26/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 16/25/ शोभन योग 14/31/ बव करणे 13/26/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक/ शीतलाष्टमी/ कालाष्टमी।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव से बचें। यात्रा की संभावनाएं बनेंगी। व्यय अधिक होगा।

**वृष :** रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा। गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयास भलीभूत होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा न करें। सम्बन्धों में विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग रहेगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। कामी पर सेन रखे। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। धन, सम्मान, यश की प्राप्ति होगी।

**धनु :** भगवती सरस्वती जी की उपासना आपके लिए लाभकारी होगी। समय के महत्व को समझें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मकर :** धन प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुल पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। सम्बन्धों में निकटता आयेगी।

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नम :-**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**-इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ क्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा-** यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

**श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा**

यह गणेश जी का शक्तिशाली मंत्र है। इसे जपने से सफलता, खुशियां और मन्नत पूरी होना सुनिश्चित होती है। जीवन में आने वाली परेशानियों को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए इसे नियमित रूप से जपना चाहिए।

**मंत्र जाप के लाभ**-नौकरी में प्रमोशन और सफलता की संभावना बढ़ती है।कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ता है। मानसिक तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में गति आती है। भगवान की कृपा और शुभ अवसर प्राप्त होते हैं।

# गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के माग

हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं। **गीता के सफलता मंत्र हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्। तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।** इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

इसका श्लोक का अर्थ है कि, आपका अधिकार केवल कर्म करने में है, उसके फल पर नहीं। इसलिए तुम्हें कर्म के फल के लिए चिंतित नहीं होना चाहिए और न ही कर्म न करने में आसक्त होना चाहिए।

# आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो-जिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का



तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल १९२ शिकायतों में से १७ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त ५४ प्रार्थना पत्रों में से ०६, तहसील महोली में प्राप्त ५२ प्रार्थना पत्रों में से ०४, तहसील लहरपुर में प्राप्त ३८ प्रार्थना पत्रों में से ०८, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त ४५ प्रार्थना पत्रों में से ०५, तहसील सिधौली में प्राप्त ९० प्रार्थना पत्रों में से १२, तहसील बिसवां में प्राप्त ३३ प्रार्थना-पत्रों में से ०६ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# बच्चों को केवल मानक एवं अधिकृत स्कूल वाहनों से ही भेजें-सर्वेश चतुर्वेदी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा संचालित मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के छठे दिन ग्रामीण क्षेत्रों



में विद्यालयों के आसपास विशेष जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कई निजी वाहनों का अवैध रूप से स्कूली वाहनों के रूप में उपयोग करते हुए पाया गया। कई वाहनों में फर्स्ट एड बाक्स नदारद मिला। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के दौरान ५ वाहनों का चालान तथा २ वाहनों को सीज करते हुए कुल ७ वाहनों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को केवल मानक एवं अधिकृत स्कूल वाहनों से ही भेजें। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान १ से १५ जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। ७ जुलाई तक विद्यालय संचालकों को फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज पूरे कराने का अवसर दिया गया है, जबकि ८ जुलाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ ने बताया कि उच्चतर विद्यालयों को पोर्टल पर शामिल किए जाने के बाद जिले में पंजीकृत स्कूली वाहनों की संख्या बढ़कर ७९४ हो गई है। इनमें ६७ वाहन फिटनेस मानकों पर अनफिट, ५९ वाहनों के पास वैध परमिट नहीं है। ३० वाहन १५ वर्ष की निर्धारित आयु पूरी कर चुके हैं, २५ वाहनों का पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया जारी है जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाप १० डिफाल्टर विद्यालयों की सूची भी जारी की है। इसमें सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, पीएलएसडी एजुकेशनल ट्रस्ट, सरस्वती आदर्श विद्या मंदिर, एमपीएम शिक्षा संस्थान, सेंट बिलाल कान्वेंट स्कूल, ब्लिस इंटरनेशनल स्कूल, प्रभात एमएलवीडी इंटर कालेज, आरकेएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, रेनू महेश शिक्षा संस्थान तथा पीडीडीयूबी इंटर कालेज शामिल हैं। एआरटीओ ने बताया कि इन वाहनों की सूची पुलिस अधीक्षक को भेजी जा रही है तथा अपूर्ण प्रपत्र वाले सभी वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई है।

## खेत से वापस आ रहे युवक की पिटाई

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। खेत से वापस आ रहे युवक की हमलावरों ने रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर रही है। महमूदाबाद के कंडारी के श्यामू पुत्र बलवीर रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे अपने खेत से वापस आ रहा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते अनुराग, मोहित सिंह, रौनक आदि आ गए और घेरकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारने-पीटने लगे। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## कार सवार तीन लोगों ने एक युवक को जान से मारने की धमकी

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। कस्बे में रविवार की शाम कार सवार तीन लोगों ने एक युवक को रोककर मारापीटा और जान से मारे की धमकी दी। पुलिस ने एक नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफकेस दर्जकर मामले की जांच शुरू की। महमूदाबाद के मोतीपुर के दिलीप वर्मा ने बताया के वे रविवार की शाम कोतवाली मार्ग पर मेरा बचपन स्कूल के पास चीनीमिल कालोनी के ऋषिराज सिंह अपने दो अन्य साथियों संग कार से आए और उन्हें रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में उसे चोटे आई हैं। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं जिला पदाधिकारियों



द्वारा नगर मंडल-१ के बूथ संख्या ३६७ पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की १२५वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प वर्ष २०४७ तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है और केंद्र सरकार इसी लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। इस संकल्प के पीछे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों की महत्वपूर्ण प्रेरणा रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एकात्म मानववाद का सिद्धांत भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा का आधार है। इसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसेवा और राष्ट्रसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके आदर्श और विचार आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी मंडलों में भी डा. मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर, सुधाकर शुक्ला, महेश शर्मा, विपुल प्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह, रितेश सिंह गौर, सचिन मिश्रा, नीरज अवस्थी, आकाश अग्रवाल, दीपक शुक्ला, कामेश शुक्ला सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा को जो वोट देगा, वह भी गौ हत्या का पापी बनेगा-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

## गविष्ट गो रक्षार्थ धर्म युद्ध यात्रा का पौराणिक सूर्यकुण्ड तीर्थ पर हुआ भव्य स्वागत

( स्वतंत्र भारत )

हरगांव-सीतापुर। स्थानीय पौराणिक सूर्यकुण्ड तीर्थ पर ८१ दिवसीय गविष्ट गो रक्षार्थ धर्म युद्ध यात्रा आज साढ़े पांच घण्टे विलम्ब से यह यात्रा में परमाराध्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती(१००८) जी के नेतृत्व में तट पर पहुंची। काफी विलम्ब के बावजूद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनको संकल्पो के साक्षी बने



और परम पूज्य श्रद्धेय के समक्ष 'गौ रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित भक्तो को अपने ओजस्वी सम्बोधन में जहां सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि जिस राज्य में ९५ प्रतिशत मुसलमान था लेकिन वहां पर गौरक्षा कानून लागू था। महाराज जी ने सख्त लहजे में कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने उस कानून को हटा दिया। जिसका परिणाम है कि वहां भी मांस निर्यात का कारोबार चलने लगा है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में विश्व में ब्राजील के बाद आज दूसरे नंबर पर देश हैं। प्रदेश की सत्तारूढ़ सरकार को जमकर कोसते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में मांस निर्यात मे उत्तर प्रदेश प्रथम नंबर पर हैं यह अधिकारिक आंकड़े आप गूगल पर देख सकते हैं। उन्होने यह भी कहा कि कश्मीर में भाजपा को नकली हिंदू ही वोट देते हैं असली हिंदू के हाँथ में जैसे ही सत्ता आएगी वह गोरक्षा कानून ले आएंगे। भाजपा को स्लाटर हाउस से भी करोड़ों रुपयों का चंदा मिलता है इनके पास छद्म हिंदुत्व है छद्म हिंदुत्व के सामने सनातनी हमेशा विकल्प हैं शंकराचार्य सदैव विकल्प देते हैं भाजपा को गाय के पूजकों व गौ हत्यारों दोनों का वोट चाहिए। इनकी पार्टी का एक नेता कहता है १४ साल बाद काट कर खा सकते हैं भाजपा को जो वोट देगा वह भी गौ हत्या का पापी बनेगा। यात्रा में गोपाल मणि जी महाराज जी भी साथ में चल रहे है। यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी गयी थी प्रमुख चौराहो से लेकर तट तक सुरक्षाबल तैनात रहा। सूर्यकुण्ड तट पर यात्रा पहुंचते ही रमेश राही व उनकी पत्नी मंजरी राही ने

### साढ़े पांच घंटे विलम्ब से पहुंची यात्रा, भीषण गर्मी में श्रद्धालु रहे परेशान

शंकराचार्य का स्वागत किया तथा मंच पर पूजन अर्चन के बाद उनकी आरती उतारी व राधाकृष्ण का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इसके पूर्व सधुवापुर पुल,महोली तिराहे तथा लहरपुर-हरगांव मुख्य चौराहे पर



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रिपेन्द्र सिंह यादव युवा नेता एवं समाजसेवी , कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता भार्गव,प्रेमसुन्दर अवस्थी,दिनेश बाजपेई मुन्ना, शिवसागर लाल मिश्र, राममूर्ति मिश्र, पूर्व सभासद चन्द्र मोहन तिवारी,पूर्व सभासद सुभाष जोशी, जितेन्द्र शुक्ला,उमाशंकर मिश्र,संदीप कुमार,राजेश सिंह तोमर,संजीव गुप्ता,फुरकान खाँ,दानिश नकवी,रामनरेश गुप्ता,सचिन मिश्र, नीरज मिश्र सहित भारी संख्या लोग उपस्थित रहे।

इसी प्रकार मिश्रित क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती(१००८) जी का भव्य स्वागत समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यमंत्री रामपाल राजवंशी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान छद्म हिन्दुओं पर हमला करते हुये कहा कि गौ भक्तो को गौ रक्षा हेतु प्रेरित किये जाने के उद्देश्य को लेकर समूचे उत्तर प्रदेश में ८१ दिवसीय यात्रा का शुभारम्भ किया गया है जो कि आगामी २४ जुलाई को कांशीराम जी सांस्कृति स्थल(स्मृति उपवन) लखनऊ में भव्य यात्रा व सभा के आयोजन के उपरान्त समाप्त होगी। महाराज जी ने यह भी कहा कि गौ रक्षा हेतु प्रदेश की सभी विधान सभा क्षेत्रो तक पहुंचकर सनातनियों को जगाने का कार्य किया जायेगा।

वही महोली में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारो के तीखे प्रश्नो का सख्त लहजे में जवाब देते हुये पत्रकारो से कहा कि रामजन्म भूमि घोटाला सहित प्रत्येक विषय पर खुलकर बोले। उन्होने यह भी कहा कि गौ रक्षा का संकल्प समय सीमा के अन्दर प्रदेश की सरकार यदि नही पूरा करेगी तो यात्रा समापन के समय आगे के कार्यक्रम तय किये जायेगें। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव-2026 का वृक्षारोपण कर किया गया शुभारंभ

## वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल की बेहतर आवश्यकता है-डा. अभिषेक आर्या

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। वन महोत्सव-२०२६ के उपलक्ष्य में सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, की समस्त रेंजों के अन्तर्गत वष्हद वष्क्षारोपण महाअभियान के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस पर्यावरणीय उत्सव के अवसर पर महोली रेंज के अन्तर्गत वन महोत्सव के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरनी, के परिसर में वष्क्षारोपण महाअभियान के तहत वष्क्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वष्क्षारोपण कार्यक्रम के दौरान डा. विनायक अवस्थी, चिकित्साधिकारी, डा. अभिषेक आर्या, नेत्र परीक्षण अधिकारी, मुनेन्द्र सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत कटिघरा, कौशल किशोर दीक्षित, प्रधान ग्राम पंचायत नरनी तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात ए.एन.एम. एवं अन्य ग्रामीण द्वारा वष्क्षारोपण किया गया। महमूदाबाद रेंज के अन्तर्गत वन महोत्सव, २०२६ के उपलक्ष्य में ग्राम डफ्रा, विकास खण्ड रामपुर मथुरा में पंचायत भवन डफ्रा की भूमि पर वष्क्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वष्क्षारोपण कार्यक्रम के दौरान हरिनाम सिंह, प्रतिनिधि प्रधान, ग्राम पंचायत डफ्रा वि.ख. रामपुर मथुरा तथा अन्य स्थानीय ग्रामीण व ग्राम के बच्चे उपस्थित रहे। लहरपुर रेंज के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय, डिन्गुरा में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम, अमरूद, ऑवला, अर्जुन इत्यादि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों व स्थानीय ग्रामीणों को आम के पौधों को वितरित कर आम भण्डारा किया गया। इस अवसर पर राहुल यादव, प्रतिनिध प्रधान, ग्राम पंचायत डिन्गुरा व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। बिसवॉ रेंज के अन्तर्गत ग्राम गोवर्धनपुर में वन महोत्सव, २०२६ के उपलक्ष्य में वष्क्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर, समाज सेवियों एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों द्वारा आम, नीम, बरगद, पीपल, पाकड़ इत्यादि विभिन्न प्रजातियों के वष्क्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को पौधरोपण सुरक्षा एवं नियमित देखभाल किये जाने हेतु जागरूक किया गया। सिधौली रेंज के अन्तर्गत वन महोत्सव, २०२६ के अवसर पर ग्राम भवानीपुर में ग्राम समाज की भूमि पर वष्क्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मनीष रावत , विधायक सिधौली, संजीव कुमार सक्सेना, सदस्य जिला पर्यावरण समिति, महेन्द्र कुमार, प्रधान, ग्राम पंचायत भवानीपुर व अन्य स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री, उ.प्र. शासान के आह्वान पर मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से एक वष्क्ष मॉ के नाम लगाने की अपील की गयी तथा पौधरोपण सुरक्षा एवं नियमित देखभाल किये जाने हेतु जागरूक किया गया। लहरपुर रेंज के अन्तर्गत वन महोत्सव, २०२६ के उपलक्ष्य में प्राथमिक विद्यालय पोगलीपुर कम्पोजिट में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आम, बाटलब्रस कनकचम्पा आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों व स्थानीय ग्रामीणों को आम के पौधों का वितरण कर आम भण्डारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सतोष कुमारी, प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत पोगलीपुर व अन्य स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सीतापुर रेंज के अन्तर्गत वन महोत्सव, २०२६ के अवसर पर ११वीं वाहिनी, पी०ए०सी० सीतापुर में वष्क्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वष्क्षारोपण कार्यक्रम के तहत आम, अशोक, अमरूद, ऑवला, कनकचम्पा, इमली इत्यादि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यासागर मिश्रा, कमाण्डेंट, ११वी वाहिनी पी०ए०सी० सीतापुर, श्री रोहित यादव असिस्टेंट कमाण्डेंट, ११वी वाहिनी पी०एस०सी०, आशीष कुमार यादव, असिस्टेंट कमाण्डेंट, ११वी वाहिनी पी०एस०सी० व पी०एस०सी० के जवान व वन कर्मी उपस्थित रहे। महोली रेंज के अन्तर्गत ग्राम हरीदा की अमष्त वाटिका में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती मंजू यादव, प्रधान, ग्राम पंचायत हदीरा, अनिल कुमार सिंह, पंचायत मित्र तथा विद्यालय के अध्यापकगण तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहकर वष्क्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

हरगॉव रेंज के अन्तर्गत ग्राम इमलिया सुल्तानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पीपल, पाकड़ प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा वन विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बिसवॉ रेंज के अन्तर्गत कष्णा देवी म्यूनिसिपल गर्ल्स इण्टर कॉलेज बिसवा में वन महोत्सक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। उक्त वष्क्षारोपण कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्रायें उपस्थित रहे तथा वष्क्षारोपण किया गया। वन महोत्सव, २०२६ के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा मौके पर उपस्थित उपस्थित जनों से लगाये गये पौधों के संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर आने वाले सप्ताहों में भी इस अभियान को और विस्तारित करेगा तथा जन-सहभागिता को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे रोपित करेगा।





# बिना मानचित्र स्वीकृति संचालित मैरिज हॉल पर बीडीए की कार्रवाई, 'यादगार ए आमद' किया सील




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय के निर्देशन में सोमवार को अवैध निर्माण और बिना अनुमति संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान चलाते हुए थाना बारादरी क्षेत्र स्थित 'यादगार ए आमद' मैरिज हॉल को सील कर दिया। प्राधिकरण के अनुसार, सैलानी रोड पर अनस पुत्र अनीस द्वारा यह मैरिज हॉल बिना बीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए और अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) लिए संचालित किया जा रहा था।

बीडीए ने बताया कि संबंधित परिसर का निर्माण भी प्राधिकरण की अनुमति के बिना किया गया था। ऐसे में उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता विनोद कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सीताराम और प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन को सील कर दिया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि विकास क्षेत्र में बिना स्वीकृति किए गए अनधिकृत निर्माणों और अवैध रूप से संचालित प्रतिष्ठानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण एवं सीलबंदी की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बीडीए ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संपत्ति की खरीद से पहले विक्रेता से स्वीकृत मानचित्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में कानूनी विवाद या कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

# आग से सुरक्षा के लिए राजस्व परिषद का बड़ा आदेश, सरकारी कार्यालयों की होगी नियमित निगरानी

**कलेक्ट्रेट-तहसीलों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत, नोडल अधिकारी संभालेंगे जिम्मेदारी**

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शासकीय कार्यालयों में अग्निकांड की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेखों, परिसंपत्तियों तथा मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश ने मंडलायुत भूपेंद्र एस चौधरी और बदायूं , शाहजहांपुर,पीलीभीत व बरेली जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद की ओर से जारी पत्र में राहत आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 25 जून निर्देशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

निर्देशों के अनुसार राजस्व विभाग से संबंधित सभी कार्यालयों, जिनमें आयुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट, अभिलेखागार और तहसील कार्यालय शामिल हैं, में अग्नि सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाएगा। प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा, जो फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन, नियमित निरीक्षण, कमियों के निराकरण और समयबद्ध समीक्षा की जिम्मेदारी निभाएगा।

राजस्व परिषद ने स्पष्ट किया है कि सभी कार्यालयों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा कर्मचारियों की जागरूकता सुनिश्चित की जाए। उद्देश्य यह है कि आग लगने की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके और किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि, सरकारी रिकॉर्ड तथा राजकीय संपत्तियों को नुकसान से बचाया जा सके। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का तत्काल और प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।

# खोई खुशियां फिर लौटीं, एसपी ट्रैफिक ने ४६६ मोबाइल मालिकों से मिलाए

**एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन व एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान की मॉनिटरिंग में साइबर टीम का शानदार प्रदर्शन**

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद करने के अभियान में बरेली पुलिस ने जून महीने में बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन और एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान की निगरानी में साइबर टीम और सर्विलांस सेल ने संयुक्त कार्रवाई कर 466 मोबाइल फोन बरामद किए। करीब 93 लाख रुपये मूल्य के इन मोबाइलों को सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित रविंद्रालय में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। युवा पुलिस अफसर एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने बताया कि जनवरी 2025 से जून 2026 तक पुलिस 5725 गुम या चोरी हुए मोबाइल, जिनकी अनुमानित कीमत 11.43 करोड़



रुपये है, बरामद कर चुकी है। उन्होंने कहा कि ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल, सर्विलांस और आधुनिक तकनीक की मदद से मोबाइल ट्रैक कर लोगों की संपत्ति सुरक्षित लौटाई जा रही है।

अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई थानों की साइबर टीमों को एसएसपी ने नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ट्रैफिक ने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत थाने में सूचना दें और सीईआईआर पोर्टल पर आईएईआई ब्लॉक कराएं, ताकि मोबाइल का दुरुपयोग रोका जा सके और उसकी शीघ्र बरामदगी संभव हो।

# निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने जांच में रखा पक्ष, बोले- इस्तीफा मंजूर न हुआ तो जाएंगे हाईकोर्ट

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) से निलंबित अलंकार अग्निहोत्री सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां विभागीय जांच के दौरान उन्होंने अपना पक्ष दर्ज कराया। सुनवाई के बाद उन्होंने कहा कि आरोपपत्र के जवाब में पहले से दिया गया लिखित स्पष्टीकरण ही उनका आधिकारिक पक्ष है। अब उन्हें जांच रिपोर्ट और शासन के निर्णय का इंतजार है। अलंकार ने बताया कि उन्होंने 26 जनवरी को सेवा से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया। पूरे प्रकरण की जांच मंडलायुक्त को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि यदि शासन उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करता है तो वह न्याय के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह



अपने फैसले पर आज भी कायम हैं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सभी वैधानिक विकल्प अपनाएंगे। सरकारी सेवा से अलग होने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी के गठन की जानकारी देते हुए कहा कि अब उनका फोकस जनहित और सामाजिक मुद्दों पर रहेगा। बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के आरोप भी लगाए। हालांकि, उनके इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्ष की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# स्वालेपुर मुजाहिदपुर ग्राम पंचायत में गबन के आरोपों की जांच के आदेश, तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** स्वालेपुर मुजाहिदपुर ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार और गबन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने तहसीलदार बहेड़ी और खंड विकास अधिकारी दमखोदा को संयुक्त रूप से मामले की जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।



यह कार्रवाई ग्राम स्वालेपुर मुजाहिदपुर निवासी अलीम खां, जाबिद खां समेत अन्य ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर की गई है। शिकायत में ग्राम प्रधान फराह, उनके पति वाहिद खां और ग्राम सचिव पर विकास कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गबन के आरोप लगाए गए हैं। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों की मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया जाए। जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ फोटोग्राफ भी लिए जाएं और तथ्यात्मक व स्पष्ट आख्या तीन दिन के भीतर प्रस्तुत की जाए। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों और वित्तीय लेनदेन की जांच पर सभी की नजरें टिक गई हैं।

# ८५ प्रतिशत काम पूरा, फिर भी वेतन रोका और एफआईआर की चेतावनी!

**महिला शिक्षिका ने सुपरवाइजर पर लगाया साजिश का आरोप**

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनगणना-2027 के मकान गणना कार्य को लेकर एक महिला शिक्षिका ने अपने ही सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम अविनाश सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। सहायक अध्यापिका रेखा रानी ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि सुपरवाइजर संतोष कुमार ने व्यक्तिगत और जातिगत द्वेष के चलते उनकी कार्य प्रगति छिपाकर उच्चाधिकारियों को झूठी व भ्रामक आख्या भेज दी। इसी रिपोर्ट के आधार पर उनका वेतन रोकने और एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। रेखा रानी का कहना है कि उन्हें आवंटित एचएलबी ब्लॉक संख्या 1051 का करीब 85 से 90 प्रतिशत कार्य नोटिस जारी होने से पहले ही पूरा हो चुका था और इसकी प्रगति डिजिटल पोर्टल पर भी दर्ज थी। इसके बावजूद इसे नजरअंदाज किया गया। उनका दावा है कि 16 जून तक उन्होंने शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर पोर्टल पर फाइनल सबमिट कर दिया। बाद में 18 जून को खंड शिक्षा अधिकारी ने उनका वेतन बहाल करने और दंडात्मक कार्रवाई समाप्त करने की संस्तुति भी कर दी। शिक्षिका ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय पत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी छवि धूमिल की गई और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से डिजिटल लॉग और ऐप डेटा की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित सुपरवाइजर के खिलाफ कड़ी विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस,आई ८६ शिकायतें, ११ का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्र भारत आंवला।** तहसील सभागार में सोमवार को एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर आई 86 शिकायतों में से केवल 11 का ही निस्तारण हुआ।



एडीएम ने बाकी समस्याओं को समय सीमा के भीतर निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इस दौरान एडीएम पूर्णिमा सिंह व सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने लगभग आधा दर्जन लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 36 मामले राजस्व व 28 पुलिस विभाग के थे। इसके अलावा विकास की 08, समाज कल्याण की 05, स्वास्थ्य की 02 व अन्य विभागों की 07 शिकायतें रहीं।इस दौरान एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एसडीएम विदुषी सिंह, डीपीआरओ कमल किशोर, तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा व सीओ नितिन कुमार, नायब तहसीलदार रजनीश सक्सेना,नायब तहसीलदार प्रतिष्ठा साहू,पंकज चन्द्रा समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएमओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भरत आंवला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र आंवला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लैब, टेक्नीशियन रूम, ओपीडी और



महिला वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमओ ने पिछले माह हुई डिलीवरी (प्रसव) के आंकड़ों की जानकारी लेते हुए प्रभारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि सरकारी केंद्र पर अधिक से अधिक सुरक्षित प्रसव कराए जा सकें। परिसर में साफ-सफाई दुरुस्त मिलने पर उन्होंने संतोष जताया। वहीं, रात्रि में किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए उन्होंने अस्पताल के बाहर खुले डीप पर तत्काल पटिया (स्लैब) डलवाने के निर्देश दिए।

### पैसे के लेनदेन पर विवाद, गर्भवती महिला समेत दो घायल

**चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**स्वतंत्र भारत शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। इस घटना में एक गर्भवती महिला और उसकी बहन घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जाफरपुर निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम को पैसे के लेनदेन को लेकर पड़ोस के कुछ लोग उसे गालियां दे रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। धर्मेंद्र को बचाने के लिए उसकी पत्नी और बहन आईं, तो आरोपियों ने उन पर धारदार चीज से हमला कर दिया। धर्मेंद्र की गर्भवती पत्नी के पेट में लात मारी गई, जिससे उसे तकलीफ होने लगी। उसकी बहन को भी चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित धर्मेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने दयाराम, विक्रम, बिंदा और संजू, सभी निवासी जाफरपुर, के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीपीसीएल डिपो में यूनियन पदाधिकारियों के प्रवेश पर रोक, अधिकारियों से शिकायत

**स्वतंत्र भारत आंवला।** भारत पेट्रोलियम बीपीसीएल डिपो आंवला में पेट्रोलियम टैंकर्स ड्राइवर्स एवं कंडक्टर्स यूनियन के पदाधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में यूनियन कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर प्रवेश की अनुमति दिलाने की मांग की है। दिए गए पत्र के अनुसार, करीब चार माह पूर्व एक पेट्रोल पंप स्वामी द्वारा डिपो अधिकारियों से अभद्र व्यवहार किया गया था, जिसके बाद सुरक्षा का हवाला देकर यूनियन पदाधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। नए डिपो प्रबंधक ने दो माह में जांच पूरी होने के बाद प्रवेश बहाल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन समय बीतने के बाद भी अनुमति नहीं दी गई। पदाधिकारियों का कहना है कि प्रवेश रुकने से चालकों व परिचालकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो पा रहा है। पत्र सौंपने वालों में इरफान खान, कुलदीप, सतपाल, आसाराम, सुमित व गुरनेक आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी व रैली का आयोजन

**स्वतंत्र भारत आंवला।** तहसील परिसर में सोमवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग की ओर से पोषण प्रदर्शनी व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में आलमपुर जाफराबाद, रामनगर और मझगवां ब्लॉक की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह व एसडीएम आंवला विदुषी सिंह ने गर्भवती महिलाओं का सम्मान कर गोद भराई की रस्म पूरी की और बच्चों को अन्नप्राशन कराया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर बरेली-बदायूं मार्ग की एसडीएम व सीओ ने संयुक्त रूप से परखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं

**निर्माणाधीन स्थलों पर रिफ्लेक्टर और साइनेज लगाने के कड़े निर्देश**

-स्वतंत्र भारतञ

**आंवला।** पवित्र श्रावण मास संचालित आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुगम व सुरक्षित संपन्न कराने के लिए सोमवार को प्रशासनिक अमला सड़कों पर उतरा। एसडीएम विदुषी सिंह और क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार ने बरेली-बदायूं मार्ग का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्ग की जमीनी स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।



निरीक्षण के बाद तहसील सभागार में एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। एसडीएम विदुषी सिंह ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों और वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग की व्यवस्था रहेगी। इसके दृष्टिगत उन्होंने एन एच कर्मियों को मुख्य मार्ग को जगह-जगह से दुरुस्त करने और आवागमन सुचारु बनाने के लिए अगले 10 दिन का कड़ा अल्टीमेटम दिया है। बैठक में निर्देश दिए गए कि यात्रा शुरू होने से पहले पूरे मार्ग की मरम्मत कराई जाए, सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई हो और समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रात के समय कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा, मार्ग में जितने भी निर्माणाधीन स्थल हैं, वहां पर अनिवार्य रूप से पर्याप्त प्रकाश, रिफ्लेक्टर और साइनेज सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि कांवड़ यात्रा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसा होने पर संबंधित के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार १४३ ग्राम स्मैक बरामद

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** फरीदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 143 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं तथा मौके पर मिली दो मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम उपनिरीक्षक जसवीर सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि द्वारकेश चीनी मिल फ्लाईओवर से सैदापुर जाने वाले मार्ग पर तीन युवक स्मैक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया,




जबकि तीसरा युवक खेतों का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम मैशर अली पुत्र भूरे शाहब, निवासी ग्राम रम्पुरा रतन तथा मेराज पुत्र असगर, निवासी ग्राम बेहरा, थाना फरीदपुर बताए। फरार आरोपी की पहचान सद्दाम पुत्र असार, निवासी ग्राम बेहरा के रूप में हुई है।

जामा तलाशी में मैशर अली के पास से 51 ग्राम तथा मेराज के पास से 92 ग्राम स्मैक बरामद हुई। दोनों के कब्जे से एक-एक स्मार्टफोन भी मिला। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि बरामद स्मैक उन्होंने फरार आरोपी सद्दाम से खरीदी थी और तीनों मिलकर उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस ने मौके पर खड़ी दो हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों को भी कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं ८५ शिकायतें, ६ मौके पर

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** तहसील फरीदपुर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। एडीएम (न्यायिक) देश दीपक की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय, समाज कल्याण, आपूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित कुल 85 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विधान परिषद सदस्य कुफ्र महराज सिंह,एडीएम (न्यायिक) देश दीपक ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों



को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधान परिषद सदस्य कुफ्र महराज सिंह,उपजिलाधिकारी राम जनम यादव, तहसीलदार प्रशांत अवस्थी, नायब तहसीलदार शुभम् पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह,वन क्षेत्राधिकारी ऋषि ठाकुर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नहर में बहकर आये शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने के कारण मौत होने की हुई पुष्टि

**भुता।** थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा प्रवीन में रविवार को नहर में बहकर आए राममूर्ति के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर पड़ताल कर रही है।

रविवार को रम्पुरा प्रवीन में नहर में बहकर आए युवक के शव से गांव में सनसनी मच गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। जिसकी पहचान कुछ समय बाद राम मूर्ति उर्फ गुड्डू निवासी कस्बा क्लोड़िया के रूप में हुई थी। लेकिन मृतक के परिजनों ने किसी के खिलाफ पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी थी। इधर अगले दिन आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर व आंख पर चोट लगने की पुष्टि हुई है। फिलहाल अभी तक परिजनों के तरफ से पुलिस को कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है

इधर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोट की पुष्टि हुई है। परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त होने पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच व आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# आईसीएआर-आईवीआरआई द्वारा विश्व जूनोसिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और जनकल्याण पहल का आयोजन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पशुचिकित्सा जनस्वास्थ्य प्रभाग द्वारा विश्व जूनोसिस दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बरेली में रोटरी क्लब (इज्जतनगर) के डॉ. डी. सी. शुक्ला और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. प्रशांत रंजन के समन्वय से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को जूनोटिक बीमारियों (पशुओं से इंसानों में फैलने वाले रोगों) के प्रति जागरूक करना और रोकथाम के स्वस्थ तरीकों को बढ़ावा देना था।



कार्यक्रम के दौरान पशुचिकित्सा जनस्वास्थ्य प्रभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हिमानी धाँजे ने ने बच्चों पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव को देखते हुए विशेष रूप से रेबीज की रोकथाम पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने उत्तर प्रदेश में तेजी से फैलने वाली मच्छर जनित बीमारियों जैसे–डेंगू, जापानी एन्सेफलाइटिस (दिमागी बुखार) और चिकनगुनिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य महत्व पर प्रकाश डाला और इनसे बचाव के प्रभावी उपाय साझा किए।बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन) का महत्व सिखाते हुए हाथ धोने की सही तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन (लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन) भी कराया गया। इस दौरान डेंगू और जापानी एन्सेफलाइटिस से संबंधित ज्ञानवर्धक लीफलेट्स (पर्चे) भी बांटे गए। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बब्लू कुमार और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हिमानी धाँजे ने मानसून के मौसम में स्वच्छता कर्मियों की समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें रेनकोट वितरित किए। साथ ही, उन्हें मानसून के दौरान होने वाली आम बीमारियों से बचाव और ड्यूटी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के प्रति संवेदनशील बनाया गया।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार, 07 जुलाई 2026




# ‘गाय को राष्ट्रमाता घोषित करो’ के लगे नारे

● बेनीगंज में शंकराचार्य की गौसंरक्षण यात्रा का भव्य स्वागत

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कस्बा बेनीगंज में उस समय धार्मिक आस्था, गौभक्ति और जनआक्रोश का अद्भुत संगम देखने को मिला जब ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की गौसंरक्षण यात्रा भव्य स्वागत के बीच कस्बे में पहुंची। गाय को ‘राष्ट्रमाता’ का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ निकली इस यात्रा ने बेनीगंज में हजारों गौभक्तों के हृदय में नई चेतना जगा दी।

कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ गौभक्त अशोक वर्मा गोपार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जैसे ही शंकराचार्य महाराज अपनी वैनिटी वैन से बाहर निकले, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ‘गौमाता की जय ‘, ‘सनातन धर्म अमर रहे’ और ‘राष्ट्रमाता गौमाता’ के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया तथा गाय माता की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। अपने ओजस्वी और आक्रोशपूर्ण संबोधन में



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वेदों और पुराणों में गौमाता को पहले ही राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जा चुका है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज सत्ता में बैठी सरकारें गौमाता के नाम पर राजनीति तो करती हैं, पर उन्हें राज्यमाता घोषित करने का साहस नहीं दिखातीं। उन्होंने कहा कि ‘जो लोग गाय को केवल पशु मानते हैं, उनकी बुद्धि भी पशुवत हो चुकी है। ’ उन्होंने कहा कि देशभर के सनातनियों की भावना गौमाता से जुड़ी हुई है और अब समय आ गया है कि सरकार जनभावनाओं का सम्मान करे। शंकराचार्य ने कहा कि दूसरे धर्मों के लोग भी गौसंरक्षण का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन सरकार अपनी राजनीतिक मजबूरियों और सत्ता के मोह में निर्णय लेने से बच रही है।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ‘नाथ संप्रदाय त्याग और तपस्या का प्रतीक है, सत्ता की कुर्सी उसका मार्ग नहीं है। ’ उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि वर्ष 2014 से पहले दिल्ली की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ स्वयं गाय को राज्य माता घोषित करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज सत्ता में आने के बाद वे अपनी कही बातों पर अमल नहीं कर रहे हैं। शंकराचार्य ने उपस्थित जनसमूह को गौसंरक्षण की शपथ दिलाई और कहा कि ‘जो लोग गाय को माता मानते हैं, वे आपस में भाई-बहन हैं। ’ उन्होंने लोगों से गौसंरक्षण के लिए संघर्ष करने और ऐसे जनप्रतिनिधियों को वोट देने का आह्वान किया जो गौमाता के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही लखनऊ में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से लाखों गौभक्तों को पहुंचने का आह्वान किया गया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय जयकारों और गौमाता के समर्थन में नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र गुप्ता कल्लू, रामचंद्र वैश्य लंबू, अशोक वर्मा, सुभाष वैश्य, राजकमल गुप्ता, कैलाश जोशी, प्रिंस बाजपेई, विनीत वैश्य, शेखर सक्सेना, लालमन सक्सेना, अनमोल श्रीवास्तव, रविंद्र सैनी, मन्नीलाल राठौर, राम चंद्र यादव, मनीष वर्मा सहित सैकड़ों गौभक्त और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। बेनीगंज की धरती पर आयोजित यह जनसभा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गौमाता के सम्मान और सनातन आस्था के संरक्षण के लिए उठी जनभावनाओं की बुलंद आवाज बनकर उभरी।

## हरदोई सदर विधानसभा क्षेत्र से नरेश अग्रवाल ने किया 2027 का शंखनाद

**स्वत्रंत भारत हरदोई।** शहर के सभी 26 वार्ड के प्रमुख लोगों की बैठक अपने आवास पर बुलाकर पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने दिया उन्हें चुनाव जीतने का मंत्र। पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं का आवहन किया है कि वह अपने वार्ड के प्रत्येक दरवाजे पर जा जाकर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों व लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दें और अपने प्रत्याशी नितिन अग्रवाल के लिए वोट एवं सपोर्ट की अभी से करें पुरजोर अपील। बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व सभासद वह जुझारू नेता आदेश सिंह, पूर्व सभासद मोहम्मद अच्छन, त्रिलोकी सिंह एडवोकेट, इंद्रपाल सिंह पुनिया, परवेज अहमद, अंबुज शुक्ला, दीपक मिश्रा, पप्पू मिश्रा, नितिन गुप्ता, पवन जैन, हरदोई पंचायत उद्योग के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला, पप्पू सहगल, जेपी सिंह, उत्तम श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, हबीब लिट्टे, बालाजी गुप्ता समेत अन्य दर्जनों लोग भी मौजूद थे।

# घर में चोरी का खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

● सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद, आरोपियों को भेजा जेल

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कोतवाली शहर पुलिस ने घर में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई को योगेन्द्र प्रताप सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं।



शिकायत के आधार पर कोतवाली शहर में मुकदमा संख्या 464/26 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता, शिवम सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह तथा अनीश पुत्र रईस, निवासी इंदिरानगर, कोतवाली शहर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन जोड़ी चांदी की पायल, 12 बिछिया, दो अंगूठियां तथा 2,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## स्कूली वाहनों पर पुलिस-परिवहन विभाग का संयुक्त चेकिंग अभियान

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रदेशभर में चल रहे ‘मिशन सेफ फ्यूचर’ अभियान के तहत हरदोई में 1 से 6 जुलाई के बीच की गई विशेष जांच में 12 स्कूली वाहनों के चालान किए गए, जबकि 6 वाहनों को विभिन्न थानों में निरुद्ध कर दिया गया। एआरटीओ ने सभी स्कूल वाहन स्वामियों को चेतावनी दी है कि जिन वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा या प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, वे तत्काल नवीनीकरण करा लें। अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों से भी स्पष्ट कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता न करें और बिना वैध दस्तावेज या अनफिट वाहनों का संचालन हरगिज़ न होने दें। 8 जुलाई से 15 जुलाई तक पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से जिलेभर में व्यापक अभियान चलाएंगे।

इस दौरान बिना फिटनेस, परमिट, बीमा या प्रदूषण प्रमाणपत्र वाले स्कूली वाहनों के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन कर निजी वाहनों से बच्चों का परिवहन करने वालों पर भी चालान, वाहन सीज और अन्य कड़ी कार्रवाई होगी।

# निमोष मंदिर सूर्यकुंड पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र अंतर्गत कथित संतों द्वारा मंदिर पर अवैध कब्जा को लेकर नैमिषारण्य चौरासी कोसी परिक्रमा मेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध निमोष बाबा मंदिर सूर्यकुंड को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। हांस बरौली बाजार स्थित घनश्याम नगर ब्रह्मदेव आश्रम निवासी महंत सुरेश दास की चेला मोहिनी दास द्वारा कोतवाली बेनीगंज में लिखित शिकायत देकर मंदिर पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण ने क्षेत्र के संत समाज और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। शिकायत के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव स्थित प्राचीन निमोष बाबा मंदिर सूर्यकुंड, जो नैमिषारण्य चौरासी कोसी परिक्रमा मेला के चौथे पड़ाव के अंतर्गत आता है, वर्षो से संत परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। बताया गया कि मंदिर के संरक्षक रहे महंत रामस्वरूप दास उर्फ निमिया बाबा के शिष्य एवं अखिल भारतीय महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 मदन मोहन दास जी महाराज, निवास प्रमोद वन अयोध्या, लंबे समय तक मंदिर का संचालन और देखरेख करते रहे। शिकायतकर्ता के मुताबिक, महंत मदन मोहन दास जी महाराज ने अपनी स्वेच्छा से मंदिर की नियमित पूजा-अर्चना, देखरेख और धार्मिक व्यवस्था की जिम्मेदारी अब उन्हें सौंप दी है। लेकिन आरोप है कि गिरधरपुर गांव निवासी दिनेश पुत्र आसाराम स्वयं को पुजारी बताकर जबरन मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं और मंदिर की परंपरागत व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# कमरे में लटका मिला विवाहिता का शव

स्वतंत्र भारत

**बेनीगंज (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज अंतर्गत भैंनगांव में रविवार की रात को एक नवविवाहिता ने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्राप्त समाचार के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने जानकारी देते हुए बताया कि

भैनगांव निवासिनी प्रियंका



(20) पत्नी अनिल प्रजापति का शव घर के कमरे में छल्ले से बंधी साड़ी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

बताया गया कि प्रियंका का मायका अतरौली थाना क्षेत्र के सिटकाना गांव में है। उसकी शादी करीब पांच माह पूर्व भैंनगांव निवासी अनिल प्रजापति से हुई थी। अनिल हरियाणा की एक निजी कंपनी में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि 3 जून को उसकी बहन माधुरी की गोद भराई का कार्यक्रम था, लेकिन प्रियंका को मायके नहीं भेजा गया। मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चंदा के नाम पर महिला को बेहोश कर लूटने वाले दो गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पचदेवरा पुलिस ने भंडारे के नाम पर चंदा मांगने के बहाने एक महिला को सम्मोहन या नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने और उसके कान के कुंडल लूटने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। प्राप्त बिबरण मे ग्राम मैकपुर निवासी माया देवी पत्नी बलवीर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि बीती 26 जून 2026 को दोपहर करीब 3:00 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके दरवाजे पर आए दोनों ने खुद को भंडारे के लिए चंदा इकट्ठा करने वाला बताया। जब माया देवी ने दान देने के लिए 100 रुपये की पर्ची कटवाई, तो दोनों अभियुक्तों ने उनके सिर से कोई धागा घुमाया इसके तुरंत बाद माया देवी बेहाश हो गईं महिला के बेहोश होते ही दोनों शातिर ठग उनके कान के सोने के कुंडल लेकर मौके से फरार हो गए। जिसके सम्बन्ध मे थाना पचदेवरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी और विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों मे पवन पुत्र राजेन्द्र उर्फ



पप्पू निवासी मोहल्ला पटकना, ब करण पुत्र अरविन्द कुमार निवासीः मोहल्ला नई बस्ती, थाना शाहाबाद, इस सम्बन्ध मे पचदेवरा इस्पेक्टर राकेश यादब ने बताया कि मामले मे एक अन्य आरोपी अरविन्द पुत्र लालबहादुर निवासी मोहल्ला नई बस्ती, शाहाबाद को पुलिस द्वारा पहले ही 1जुलाई को घटना में लूटे गए 02 अदद कुंडल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण 8 जुलाई को

**स्वत्रंत भारत हरदोई।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 08 जुलाई को प्रातः 10 बजे जनपद वाराणसी के व्यापार केन्द्र में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सदर तहसील एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम जे0के रिसोर्ट हाल पिहानी रोडत्र हरदोई मे आयोजित किया जायेगा। बिलग्राम तहसील हेतु रघुनाथ मैरिज लॉन कानपुर रोड़ बिलग्राम मे कार्यक्रम आयोजित होगा। सवायजपुर तहसील तथा शाहाबाद तहसील के सभागार मे तथा सण्डीला विकास खण्ड कार्यालय मे कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत पात्र शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद एवं तहसील स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, जनसामान्य, शिक्षकों, अभिभावकों, पंचायत एवं नगर निकायों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तर पर नगर मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सह-नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार तहसील स्तर पर संबंधित उप जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को सह-नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ संडीला संपूर्ण समाधान दिवस




**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** तहसील सण्डीला में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व डीएम, एसपी तथा एसडीएम ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इसके उपरांत आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर निकाय, समाज कल्याण, सिंचाई एवं अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण संभव था, उनका तत्काल निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कानून-व्यवस्था एवं पुलिस से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नारायणी भाटिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भावनाथ पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने की कृषि विभाग की समीक्षा

**स्वत्रंत भारत हरदोई।** डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रीकरण, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र किसानों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। बैठक में खरीफ फसलों की बुआई, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरकों एवं प्रमाणित बीजों की उपलब्धता तथा कृषि निवेशों की नियमित निगरानी पर जोर दिया गया।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षता में हुई सार्वजनिक सुनवाई



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** उप्र राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा स्वामी विवेकानन्द सभागार में सार्वजनिक सुनवाई की गयी। इसका उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन का समकालीन और अनुभवजन्य अध्ययन करना था। सुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव आयोग के समक्ष रखे। इस दौरान आयोग के सदस्य बृजेश कुमार सेवानिवृत्त डीजे संतोष कुमार विश्वकर्मा सेवानिवृत्त एडीजे, डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया सेवानिवृत्त आईएएस और एस.पी. सिंह सेवानिवृत्त आईएएस भी मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान, विभिन्न पक्षों ने ग्रामीण निकायों में ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आरक्षण व्यवस्था और राजनीतिक पिछड़ेपन से संबंधित तथ्य और सुझाव प्रस्तुत किए। आयोग ने सभी पक्षों की बातों को गंभीरता से सुना। आयोग ने भरोसा दिलाया कि प्राप्त सुझावों और तथ्यों का गहन परीक्षण किया जाएगा और उन्हें अपनी संस्तुतियों में उचित स्थान दिया जाएगा। न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन का निष्पक्ष और तथ्यपरक अध्ययन करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न मंडलों में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जा रही हैं।

## जिलाधिकारी ने की सीएसआर फंड की बैठक

**स्वत्रंत भारत हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में (सीएसआर) फंड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीएसआर निधि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, दिव्यांगजन सहायता तथा अन्य सामाजिक विकास कार्यक्रमों में प्राथमिकता के आधार पर किए जाये। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीएसआर के माध्यम से जनपद के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। बैठक में सीएसआर के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के शहीद सेनानी के गाँव में हाईमॉस्क लाईट लगाने के निर्देश दिए। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल, जिला उद्योग अधिकारी हर्ष प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दलित किशोरी को बहला कर ले जाना आरोपी पुलिस गिरफ्त मे

**स्वत्रंत भारत हरदोई।** बिलग्राम पुलिस ने एक दलित किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले मे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण मे बिलग्राम पुलिस के अनुसार 23 जून को किशोरी के पिता द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गयी कि वह अपने परिवार के साथ विगत 10 वर्षो से कानपुर में रहता था, 14 जून को उसकी पुत्री को राहुल तिवारी पुत्र अज्ञात, प्रिया पत्नी प्रशान्त, गुड्डू पुत्र अज्ञात अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गये थे। इस संबंध में वादी द्वारा थाना पनकी जनपद कानपुर पर सूचना दी गयी थी। दिनांक 15 जून को उक्त अभियुक्तो द्वारा वादी की पुत्री को वापस घर छोडकर चले गये थे। इसके बाद वादी अपनी पुत्री को उसके ननिहाल ग्राम अलमापुर थाना बिलग्राम लेकर आ गये थे। 22 जून को उक्त अभियुक्तो द्वारा वादी की पुत्री को उसके ननिहाल से दोबारा बहला फुसलाकर ले गये है। इस संबंध में वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। 28 जून को लापता किशोरी स्वयं थाना बिलग्राम आयी। पीड़िता के थाना




बिलग्राम हरदोई पर आने की सूचना के पश्चात तत्काल विवेचक द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए थाना बिलग्राम हरदोई पर दाखिल कर म0का0 शिवम सिंह थाना बिलग्राम को सुपुर्द किया गया। अपहता का बयान माँ की उपस्थिति में अंकित किया गया। जिसमे पीड़िता ने खुद से चले जाने की बात कही और डर के कारण सीधे घर ना जाकर थाने आने की बात बताई। इसके बाद स्थानीय पुलिस द्वारा अपहता को वास्ते मेडिकल परीक्षण/संरक्षण हेतु 100 शैय्या चिकित्सालय/वन स्टॉप सेंटर हरदोई रवाना किया गया व सी0डब्लू0सी0 के आदेशानुसार पीड़िता को 100 बेड चिकित्सालय हरदोई चिकित्सीय परीक्षण हेतु पेश किया गया। अपहता का प्री- चिकित्सीय परीक्षण दिनांक 29 जून को किया जा चुका है, जिसमे किसी प्रकार की चोट अंकित नही है। पीड़िता का बयान धारा 183 के अन्तर्गत न्यायालय में कराया जा चुका है। पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित आरोपी राहुल तिवारी उर्फ अभिषेक पुत्र मिथिलेश कुमार तिवासी निवासी मोहल्ला नानकारी चंदेल गेट आईआई टी कानपुर थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# राजगढ़ क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू, खेतों की तैयारी में जुटे किसान, अच्छी बारिश न होने से किसान मायूस

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में मानसून की सक्रियता के साथ धान की रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। गांव-गांव में किसान अपने खेतों की जुताई, पलेवा और रोपाई की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी भरने के बाद किसान परिवार और मजदूर मिलकर धान की रोपाई कर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खेती का कार्य गति पकड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी वर्षा होती रही, तो धान की फसल बेहतर होने की उम्मीद है।



दिन भर आसमान में छाए बादल लेकिन हल्की वर्षा होने से किसान रहे मायूस । किसान सुनील कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह कृष्ण कुमार जगदीश सिंह मनोज कुमार अजय कुमार संदीप सिंह ने बताया कि आसमान में दिन भर बादल छाए रहे ऐसा लगा कि भारी वर्षा होगी लेकिन हल्की बारिश के साथ मौसम साफ हो गया। जुलाई महीने का एक हफ्ता बीत गया अच्छी बारिश न होने से किसान भी परेशान हो रहा है।जिससे धान फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।राजगढ़ क्षेत्र के खेत इन दिनों हरियाली की ओर बढ़ रहे हैं और धान की रोपाई का कार्य पूरे गांव में कहीं-कहीं देखने को मिल रहा है। किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन मेघ बरस नहीं रहे हैं। जिससे किसान की धान की रोपाई का मात्र एक जरिया बिजली ही बची है। उसी के सहारे किसान अपने धान की नर्सरी को बचाए हुए हैं। अभी तक राजगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई है।

## तेज बारिश से गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों के खिले चेहरे

हलिया क्षेत्र में सोमवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं के बाद हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया।सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। दोपहर बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली। इस बारिश से धान की रोपाई कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेतों में नमी आने से खरीफ फसल की बुआई में तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि यह बारिश धान, मक्का व सब्जी की फसलों के लिए फायदेमंद है। बारिश के बाद मौसम खुशगवार होने से बाजारों में भी रौनक लौट आई। लोग घरों से बाहर निकलकर खरीदारी करते दिखे। बच्चे भी बारिश में भीगकर आनंद लेते नजर आए। हालांकि कुछ निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में और बारिश की संभावना है।

# मवई कला के पंचशील पब्लिक स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया रेंज के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में सोमवार को वन महोत्सव



वृक्षारोपण महाअभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, स्कूल स्टाफ व बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचशील पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक मौर्य, वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ वन विभाग के अन्य कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर स्कूल परिसर में आम, अमरूद समेत छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया।1 से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है। 'आम पौधा लगाओ-पेड़ बचाओ' लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वन दरोगा नीटू शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण बचाने व लगाए गए पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ लगाने से कई जिंदगियां बचती हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन ने वन विभाग का आभार जताया। वन विभाग ने स्कूल को पौधों की सुरक्षा व सिंचाई की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया।

## अदवा फीडर पर पेड़ों की डालियां काटने के लिए 2 घंटे 20 मिनट का शटडाउन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा हलिया उपकेंद्र के अदवा 11 केवी फीडर पर लाइन मरम्मत कार्य के चलते सोमवार को नियोजित शटडाउन लिया गया है।

# 1 किलो 35 ग्राम अभय चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 35 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त की गई चरस की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी 6 जुलाई 2026 को सुबह



2:25 बजे दुर्गा जी मोड़, खोवा मंडी के पास से हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान करनल उर्फ सोनू पटेल (25) के रूप में हुई है, जो मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के बाराडीह, उदितनगर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे खोवा मंडी कांशीराम आवास के पास से पकड़ा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन राजकुमार मीणा व क्षेत्राधिकारी चुनार जटाशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक चुनार विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा था।आज दिनांक 06.07.2026 को पं0 दीनदयाल पुरम कॉलोनी बरौधा कचार मीरजापुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने पार्टी के मनीषि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं कोन मंडल के पुरजागीर में वृक्षारोपण किया । पश्चात उसके जिला कार्यालय पर बैठक आहूत हुई जिसमें मा0 प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन की तैयारी की गई । जिलाध्यक्ष जी ने मोर्चो पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी दिया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमंत, रवीन्द्र नारायण सिंह पटेल, गौरव ऊमर, इन्द्र कुमार सिंह, उदयभान तिवारी, जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, डॉ0 सी0एल0 बिन्द, स्वामीनाथ सिंह, जिलामंत्री संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, अनिल सिंह, वीरेन्द्र यादव, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दूबे, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय, नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर।

संख्या– 200/न0पं0तम0/2026–27 दिनांक– 03.07.2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर वाटर टैंकर को पुनः उपयोग योग्य बनाये जाने हेतु राज्य वित्त आयोग/निकायनिधि के अन्तर्गत, प्राप्त धनराशि से रिपेयरिंग/मरम्मत कराया जाना है। इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से **दिनांक 10.07.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी कोटेशन/निविदा उसी दिन **अपरान्ह 03:00 बजे** दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सबसे न्यूनतम दर के अल्पकालीन निविदा/कोटेशन को ही स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। कार्य का का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार/फर्म द्वारा अंकित किये जाने वाला सबसे न्यूनतम दर | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर टैंकर रिपेयरिंग/मरम्मत कार्य। | ———— | 07 दिन |

**नियम व शर्तें :–**

1. पंजीकृत फर्म/ठेकेदार का ही अल्पकालीन निविदा/कोटेशन मान्य होगा।
2. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन एक या समस्त अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज में निहित होगा।
3. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**

**अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**

## बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय : "स्टार हाउस", विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोन सं. [illegible]

**मांग सूचना**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम –2002 की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित ऋणियों की मांग सूचना जारी की गई थी तथा मांग सूचना पत्र उनके पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजी गयी थी। पुनः इस सूचना के प्रकाशन द्वारा ऋण गृहिता को, जिन्होंने हमसे ऋण प्राप्त किया था, विशिष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि वह इस सूचना के 60 दिनों के भीतर अपने ऋण विवरण अधोवर्णित का भुगतान कर दें। ऋणगृहिताओं व जमानतदारों को विशिष्ट रूप से और सर्व साधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार क्रय–विक्रय नहीं करने की चेतावनी दी जाती है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम व पता | दृष्टिबंधक सम्पत्ति का विवरण/सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13(2) के अनुसार मांग सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|
| | शाखा : अशोक मार्ग | | |
| 1. | श्रीमती जरीन मेहंदी (ऋणी व बंधककर्ता) पत्नी : ज़ीशान मेहंदी पता : 25, सालेमपुर हाउस, कैसरबाग, लखनऊ– 226001 श्री सैयद ताकी मेहंदी (जमानतकर्ता) पता : 25, सालेमपुर हाउस, कैसरबाग, लखनऊ– 226001 | सम्पत्ति का विवरण : बैंक द्वारा दी गई क्रेडिट सुविधाएं नीचे दिए गए एसेट्स/सिक्योरिटीज (बैंक को चार्ज की गई प्रापर्टीज/एसेट्स की जानकारी) से सुरक्षित है :– महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा स्कार्पियो एनजेड8 8 सीएमटी (पंजीयन संख्या– यूपी 32 क्यूएल 7271 इंजन नंबर: YD54E75583, चेसिस नंबर: MA1TJ2YD58E65135) रंग : काला, ईंधन : डीजल, निर्माण का वर्ष/माह : 5/2025, निर्माणकर्ता का नाम : स्कार्पियो एनजेड8 8 सीएमटी) | 19,88,376.00 + उस पर ब्याज + अन्य चार्ज 22.12.2025 से मासिक अंतराल के साथ संयोजित<br>01.07.2026 |

उक्त अधिनियम तहत 13(2) नोटिस के माध्यम से हम आपको सूचित करते है कि यदि इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर आपने समस्त राशि (ब्याज व अन्य खर्च सहित– नोटिस की तिथि से भुगतान प्राप्त होने की तिथि तक) का भुगतान नहीं किया तो बैंक सरफेसी नियम के तहत सम्पत्ति का अधिग्रहण कर व निविदा द्वारा बिक्री सूचना जारी करेगा। इसके बाद कोई भी मांग सूचना जारी नहीं की जायेगी।

दिनांक : 01.07.2026, स्थान : अशोक मार्ग, लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

## कार्यालय, नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर।

संख्या– 199/न0पं0तम0/2026–27 दिनांक– 03.07.2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर में साफ–सफाई व्यवस्था में लगे जेसीबी मशीन को राज्य वित्त आयोग/निकायनिधि के अन्तर्गत, प्राप्त धनराशि से रिपेयरिंग/मरम्मत कराया जाना है। इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से **दिनांक 10.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी कोटेशन/निविदा उसी दिन **अपरान्ह 03:00 बजे** दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सबसे न्यूनतम दर के अल्पकालीन निविदा/कोटेशन को ही स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। कार्य का का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार/फर्म द्वारा अंकित किये जाने वाला सबसे न्यूनतम दर | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | जेसीबी मशीन रिपेयरिंग/मरम्मत कार्य। | | 07 दिन |

**नियम व शर्तें :–**

1. पंजीकृत फर्म/ठेकेदार का ही अल्पकालीन निविदा/कोटेशन मान्य होगा।
2. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन एक या समस्त अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज में निहित होगा।
3. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**

**अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपनी पत्नी मालादेवी को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। नन्हेलाल पुत्र स्व रतीराम,नि.ग्रा. झपकादिलावरपुर , थाना, मदनापुर,शाहजहांपुर।

**सी.आर.- 665/D-26**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम (ज़ोहरअली) Zohar Ali पुत्र मोहर अली Mohar Ali था जो अब बदलकर जोहर अली ( Johar Ali ) पुत्र मोहर अली Mohar Ali हो गया है। जोहर अली पुत्र मोहर अली, 93 तुलसी पुर शिवगढ़, पोस्ट- सोरांव ज़िला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश पिन कोड 212502

**सी.आर.- 669/D-45**

### सूचना

सूच्य हो कि हम अपने पुत्र मोहित मिश्रा व बहू रोली तिवारी को उनका आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद उक्त लोगों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से हमारा कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा। रामतीर्थ मिश्र पुत्र स्व0 दुखहरन प्रसाद मिश्र व मालती मिश्रा( पत्नी) निवासीजन ग्रा0 नीमामऊ, प0सुबेहा त0हैदरगढ़, जि0 बाराबंकी।

**सी.आर.- 664/D-50**

### निविदा सूचना

पत्रांक : [illegible] दिनांक : 06/07/2026

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा प्राप्त 29 अनुरक्षण मद में कुल रु. 5.00 लाख का अनुदान जिसके अन्तर्गत पुरुष शौचालय का अनुरक्षण स्टॉफ रूम के पीछे सिंक का निर्माण तथा प्राचार्य कक्ष का रंग-रोगन इत्यादि कार्य कराया जाना है। इस हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मो से मोहरबंद निविदाएं दिनांक 14.07.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 14.07.2026 की अपरान्ह में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सभी अथवा किसी निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य का होगा। निविदा के साथ में रु. 10000.00 की प्रतिभूति जो प्राचार्य के पक्ष में लगाना होगा। कार्य का विवरण एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है का पंजीकृत एवं जी.एस.टी. तथा पैन नम्बर होना अनिवार्य है। [illegible] प्राचार्य

**सी.आर.- 668/L**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पिता का नाम मोहम्मद अकबर अली व मेरी माता का नाम बेगम फहमीदा खातून अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम अकबर अली है और मेरी माता का सही नाम फहमीदा खातून है। भविष्य में मेरे पिता व माता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**मो0 अब्दुल समद सिद्दीकी पुत्र अकबर अली, नि0 -4/4 बैदन टोला प्रयागराज**

**सी.आर.- 669/D**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम प्रियांशी यादव (PRIYANSHI YADAV) पुत्री सुशील कुमार यादव है, जो उसके शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या- 2895 5224 9757 में उसका नाम भूमि यादव (BHUMI YADAV) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम प्रियांशी यादव (PRIYANSHI YADAV) पुत्री सुशील कुमार यादव के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

**सुशील कुमार यादव पुत्र स्व. ओम प्रकाश यादव निवासी :- 123बी/12बी/1, राजापुर, जिला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश**

**सी.आर.- 669/D**

**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**

**वाद संख्या T202610430402155 सन् 2026 ई0**

**रेहाना बानो आदि बनाम मो0 यूसुफ आदि प्रतिवादी**

1-हासिम खां पुत्रगण जमायत अली खां, निवासीगण ग्राम-सिसोरा नासिर, परगना-पसगवां,

2-असलम खां तहसील-मोहम्मदी, जिला-खीरी।

चूंकि उपरोक्त नामांकित ... ने इस न्यायालय में यह आवदे न किया है कि .. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 07 दिवस 07 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवदेन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् 2026 के 06 माह 29 दिवस को निकाली गयी।

**ता0 पेशी- 07/07/2026**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी-खीरी**

**सी.आर.- 667/D-CN**

### कोर्ट नोटिस

**वाद पदों के स्थितिकारण के लिए सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5)**

**अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं0- 2 इलाहाबाद**

**वैवाहिक वाद संख्या -1678 सन 2025**

श्रीमती अन्नू श्रीवास्तव उर्फ अनुपम उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्री ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव निवासिनी- चाँदपुर सराय भारत रैयया तह. सोरांव इलाहाबाद... याचिनी

बनाम

शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष पुत्र स्व0 त्रिभुवन लाल श्रीवास्तव निवासी. देवकली तह0 सदर जनपद- प्रतापगढ़...विपक्षी

प्रार्थना अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955

चूँकि .. ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है । 2026 के 08 के 03 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि-03.08.2026**

**न्यायाधीश**

**सी.आर.- 669/D-CN**

## कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

**ई-निविदा सूचना**

जलकल विभाग, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.07.2026 |
| निविदा डालने की तिथि | 08.07.2026 को 10 बजे से 23.07.2026 को 12 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 23.07.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक |

| क्र. सं. | वार्ड सं. | कार्य का नाम | मात्रा | आगणन धनराशि (GST सहित) रू0 लाख में | निविदा मूल्य (GST सहित) | धरोहर धनराशि (आगणन धनराशि का 2%) रू0 लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | – | जल संचयन व्यवस्था हेतु महानगर के विभिन्न स्थलों पर जल संचयन एवं जन भागीदारी (JSJB) के अन्तर्गत वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। | – | 250.00 | 11800.00 | 5.00 |

पत्रांक: 23/म0का0/जलकल/2026-27 दिनांक: 06.07.2026

महाप्रबन्धक, जलकल विभाग नगर निगम, गोरखपुर

## दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.-पूरनपुर-पीलीभीत जेम निविदा सूचना

मिल समिति में वर्ष 2026-27 में निम्नांकित सामानों की आपूर्ति / जॉब कार्यों हेतु प्रत्येक के सम्मुख अंकित तिथि तक जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की गयी है।

| RL No. | Particulars | GEM Bid No Dated | Last Date of Bid |
|---|---|---|---|
| 1. | Retubing and Reclamation of Boiler Tube | GEM/2026/B/7694843 | 11-07-2026 |
| 2. | Black Polythene, Poly Propline Sheet, Supply of Thread cone | GEM/2026/B/7711178 | 11-07-2026 |
| 3. | Heavy Chemicals | GEM/2026/B/7711699 | 11-07-2026 |
| 4. | Replacement of New SS Screen in Rotary Screen | GEM/2026/B/7712046 | 10-07-2026 |
| 5. | Rootech Root Blower Air cooled flow | GEM/2026/B/7711901 | 11-07-2026 |
| 6. | Dryer House Handling Work | GEM/2026/B/7714657 | 15-07-2026 |
| 7. | Sugar Handling work for Godown | GEM/2026/B/7714723 | 15-07-2026 |
| 8. | PVC Alluminum Copper Cable | GEM/2026/B/7715082 | 13-07-2026 |
| 9. | Industrial Paints | GEM/2026/B/7715335 | 13-07-2026 |
| 10. | High Flow Pump Spears | GEM/2026/B/7717234 | 13-07-2026 |
| 11. | Vaccume Filter Servicing | GEM/2026/B/7718086 | 15-07-2026 |
| 12. | Cane Transport | GEM/2026/B/7728550 | 10-07-2026 |
| 13. | Rewinding of Motor | GEM/2026/B/7718455 | 13-07-2026 |
| 14. | Iron and Steel | GEM/2026/B/7721686 | 15-07-2026 |

उक्त निविदा gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

पत्रांक : 359/लेखा / जेम निविदा /2026-27 दिनांक : 06-07-2026

**प्रधान प्रबन्धक**

**सी.आर.- 666/D**

## कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर।

पत्रांकः 495/मेला0 लि0–जि0पं0/2026–27 दिनांकः 22–06–2026

**ई–निविदा सूचना**

जिला पंचायत, सीतापुर द्वारा समान प्रकृति के कार्य का किसी विभाग में अनुभव प्राप्त ठेकेदारों से ई–निविदा **दिनांकः 08–07–2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांकः 14–07–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** https://etender.up.nic.in पर निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। निविदा एवं शर्तें **दिनांकः 08–07–2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांकः 14–07–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। तकनीकी निविदा **दिनांकः 15–07–2026 को अपरान्ह 03.00 बजे** से जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। तदोपरान्त निविदा के तकनीकी मूल्यॉकन (Technical Bid Evaluation) में वैध पायी गयी निविदाओं का वित्तीय मूल्यांकन (Financial Bid Evaluation) उपरान्त निविदा खोले जाने की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क कालम 5 व 6 के अनुसार देय होगी, धरोहर धनराशि का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सीतापुर के पक्ष में बंधक हो एवं निविदा शुल्क की धनराशि को "इण्डियन बैंक, शाखा सिविल लाईन, सीतापुर" में रक्षित जिला पंचायत, सीतापुर का खाता "जिला निधि, जिला पंचायत खाता संख्या–21082963797 आई0एफ0एस0सी0 कोड–IDIB000C633" में आनलाईन माध्यम/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0 एफ0टी के माध्यम से जमा करना होगा तथा प्राप्त यू0टी0आर0/ट्राजेक्शन नं0 आदि की स्कैन प्रतिया निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। कार्यो का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध हैं तथा किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर।** **अधिशासी अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर।** **अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सीतापुर।** **अध्यक्ष, जिला पंचायत, सीतापुर।**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, मंगलवार, 7 जुलाई 2026

### जेडी वेंस की टिप्पणी पर इस्राइली पीएम नेतन्याहू का जवाब

# 'अमेरिका ही नहीं, हमारे और भी कई दोस्त हैं'



**वॉशिंगटन।** अमेरिका भले ही दावा करे कि वह इस्राइल का इकलौता सहयोगी है, लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ऐसा नहीं मानते हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को भारत का जिक्र करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की उस टिप्पणी का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ही दुनिया में इस्राइल का एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी है।
फॉक्स न्यूज संडे ब्रीफिंग को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल को भारत सहित कई अन्य देशों का भी समर्थन प्राप्त है। उन्होंने व्यंग के लहजे में कहा, हमारे कुछ और दोस्त भी हैं, जैसे भारत नाम का एक छोटा-सा देश। वहां 1.4 अरब लोग रहते हैं और हमें वहां जबरदस्त समर्थन मिलता है। पिछले महीने व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान जेडी वेंस ने कहा था कि इस्राइल को अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का सम्मान करना चाहिए। जब उनसे उन खबरों के बारे में पूछा गया कि इस्राइली नेतृत्व अमेरिका-ईरान समझौते से नाखुश है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना कर रहा है, तो वेंस ने कहा था, अगर मैं इस्राइल सरकार के मंत्रिमंडल में होता, तो मैं उस एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी की आलोचना नहीं करता जो पूरी दुनिया में अब भी मेरे साथ है। इस पर अब नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें फेसबुक पर भारत से काफी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, मेरा फेसबुक पर एक अकाउंट है और वहां मुझे जबरदस्त समर्थन मिलता है। हो सकता है कि मुझे कई अन्य जगहों से भी समर्थन मिल रहा हो। उन्होंने वेंस के इस दावे को खारिज किया कि इस्राइल का कोई दूसरा सहयोगी नहीं है।

## नाटो की बैठक से पहले रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

**मिसाइल-ड्रोन अटैक में सात लोगों की मौत**

**मॉस्को।** नाटो शिखर बैठक से ठीक पहले रूस ने युक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कई रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है और मलबे में लोगों के फंसे होने की आशंका के बीच राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने एक साथ कई तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने बताया कि शहर के कम से कम दो जिलों में मलबा गिरने से आग लग गई और नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली है कि रूस एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस और नाटो शिखर सम्मेलन से पहले दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाना और लोगों की जान लेना है।

## भारतवंशियों ने अमेरिका पर छोड़ी अमिट छाप



**वॉशिंगटन।** स्वामी विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक और बीकेएस अयंगर से लेकर बीआर आंबेडकर तक भारतीय विचारकों व आध्यात्मिक नेताओं ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी है। अमेरिकी आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर तैयार एक संकलन में गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा ने भारतवंशियों के योगदान को प्रमुखता से रखा है। 250 एट 250 : मोमेंट्स ऑफ द इंडियन अमेरिकन स्टोरी शीर्षक के इस संकलन में अमेरिका में हिंदू दर्शन के प्रसार में स्वामी विवेकानंद व स्वामी परमहंस योगानंद से लेकर दीपक चोपड़ा व राजन जेड जैसे आधुनिक दौर के गुरुओं तक के योगदान का उल्लेख किया गया है। संकलन में कहा गया है कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में धार्मिक सहिष्णुता एवं सार्वभौमिक स्वीकार्यता का आह्वान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यह पहला अवसर था जब किसी

- इंडियास्पोरा का संकलन जारी

हिंदू संन्यासी ने अमेरिका में इतने बड़े पश्चिमी जनसमूह को संबोधित किया था। उन्होंने 1894 में न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी की स्थापना में मदद की जो अमेरिका में शुरुआती स्थायी हिंदू संस्थानों में शुमार है।

**अमेरिका में हैं 36 हजार योग स्टूडियो**

बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

**51 लाख भारतवंशी रहते हैं**

बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

## पीओके में पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर गोलियां चलाईं

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रविवार को जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जाक) के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर पाकिस्तानी फोर्स ने गोलियां

- पाकिस्तान सरकार के खिलाफ 40 हजार प्रदर्शनकारी जुटे थे
- कई लोग घायल

चला दीं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक,जाक ने दावा किया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग जुटे थे।
संगठन का आरोप है कि डुडियाल के एएमबी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या या पाकिस्तान प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जाक का कहना है कि यह प्रदर्शन इस्लामाबाद सरकार के खिलाफ है। साथ ही, यह आंदोलन जाक के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है। संगठन ने गिरफ्तार नेताओं और कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान में चल रहे धरना स्थल पर भी कई अलग-अलग इलाकों से लोगों के काफिले लगातार पहुंचते रहे। प्रदर्शन में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी बताई गई। जाक ने कहा कि रावलाकोट और चक की महिलाएं भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही हैं।

## तेहरान में खामेनेई की अंतिम यात्रा शुरू, जनता ने दी श्रद्धांजलि; किसके खिलाफ की गई नारेबाजी?

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को राजधानी तेहरान में शुरू हुई। शहर की सड़कों पर हजारों लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे। खामेनेई के ताबूत को ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा गया था और उसे एक विशेष रूप से सजाए गए ट्रक पर रखा गया। इसी ट्रक पर उनके परिवार के उन सदस्यों के ताबूत भी रखे गए, जिनकी 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका के हमले की शुरुआत में हुए एक हवाई हमले में मौत हो गई थी। ईरान में शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक गुरुवार तक जारी रहेगा। इस दौरान कई सड़कें बंद कर दी गई हैं और हवाई क्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खामेनेई के समर्थन में झंडे और बैनर लहराए। वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए तथा डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बदले की मांग वाले पोस्टर भी उठाए। एक महिला शोककर्ता फातिमा हसन ने कहा, हम यहां सिर्फ अपने नेता को विदाई देने नहीं आए हैं, बल्कि उनका बदला लेने का संकल्प भी लेकर आए हैं।

**ईरान से बातचीत की कोशिश कर रहा अमेरिका**

उधर, अमेरिका ईरान के साथ बातचीत जारी रखने की कोशिश कर रहा है। इन वार्ताओं का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलना, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करना और हालिया युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, अंतिम संस्कार पूरा होने तक इन वार्ताओं के आगे बढ़ने की संभावना कम मानी जा रही है।

### ईरान ने भारत का आभार जताया

**नई दिल्ली।** ईरान दूतावास ने रविवार को पूर्व ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। ईरान ने कहा कि यह भाव दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को दिखाता है। ईरानी दूतावास ने एक्स पर लिखा,भारत गणराज्य में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास भारत की मित्रवत सरकार और जनता, विशेष रूप से भारत सरकार और जनता की ओर से उपस्थित आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करता है जिन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के शहीद नेता, महामहिम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।'

## बांग्लादेश : मुहम्मद यूनुस के खिलाफ कोर्ट में शिकायत

**खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप**

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के पूर्व प्रमुख रहे मुहम्मद यूनुस के खिलाफ एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई गई है। यूनुस पर देश में खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। खसरे से अब तक करीब साढ़े सात सौ लोगों की मौत हो चुकी है। सिराजुल इस्लाम के वकील तस्लीमा जहान ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जशिता इस्लाम ने सिराजुल इस्लाम की शिकायत दर्ज की। सिराजुल नौ महीने की बच्ची के पिता हैं, जिसकी डेंगू से मौत हो गई थी। शिकायत के अनुसार, बच्ची की मौत इसलिए हुई क्योंकि वैक्सीन की कमी के कारण उसे टीका नहीं लग पाया था और बाद में ढाका के एक सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण उसे सही इलाज नहीं मिल सका।

## एक नज़र

### फ्रांस के लालिक म्यूजियम में 40 करोड़ रुपए की चोरी

**नकाबपोश बदमाश 20 क्रिस्टल ज्वेलरी लेकर फरार**

**पेरिस।** फ्रांस के लालिक म्यूजियम से रविवार तड़के करीब 40 लाख यूरो (करीब 40 करोड़ रुपए) के आभूषण चोरी हो गए। घटना जर्मनी सीमा से सटे विंगन-सुर-मोडेर कस्बे की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे कई नकाबपोश बदमाश संग्रहालय का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने छह डिस्प्ले केस तोड़े और करीब 20 क्रिस्टल आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी हुए आभूषण क्रिस्टल के बने थे और उनमें कीमती रत्न नहीं जड़े थे। इसलिए एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन्हें पिघलाकर या दोबारा बेच पाना आसान नहीं होगा। लालिक म्यूजियम की शुरुआत 2011 में हुई थी। यह प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्वेलर और ग्लास कलाकार रेने लालिक तथा उनके उत्तराधिकारियों की कला को समर्पित है। संग्रहालय में 650 से अधिक आर्ट नोवो, आर्ट डेको और आधुनिक क्रिस्टल कला की कलाकृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी के बाद संग्रहालय को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में पेरिस के लूव्र म्यूजियम से फ्रांस के क्राउन ज्वेल्स के आठ दुर्लभ आभूषण चोरी हुए थे। उनकी कीमत करीब 8.8 करोड़ यूरो आंकी गई थी। इसी दौरान डेनिस डिडेरो हाउस ऑफ एनलाइटनमेंट से करीब 2,000 दुर्लभ सिक्के और नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री से 15 लाख यूरो कीमत के छह दुर्लभ सोने के नगेट भी चोरी हुए थे।

### श्रीलंका के नेगोम्बो जेल में बलवा, 25 की मौत

**100 से ज्यादा घायल**

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के बाहरी इलाके नेगोम्बो स्थित एक जेल में हुई हिंसक झड़प में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मृतकों में चार जेलकर्मी और 15 कैदी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेगोम्बो अस्पताल की निदेशक पुष्पा गमलाथ ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि अस्पताल में चार जेलकर्मियों और 15 कैदियों के शव लाए गए हैं। पुलिस और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राजधानी कोलंबो से करीब 35 किलोमीटर उत्तर में स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को हिंसा शुरू हुई, जो सोमवार तक जारी रही। स्थानीय टीवी चैनल हिरु ने दावा किया कि झड़प में 20 लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों और घायलों में कैदी और जेल अधिकारी दोनों शामिल हैं। श्रीलंका पुलिस के प्रवक्ता चंदना हेराथ ने जेल के अंदर झड़प और लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने घटना के कारण या अन्य विवरण साझा नहीं किए।

### पाकिस्तान-तुर्किये में रक्षा संबंध बढ़ाने पर फोकस

**भारत के लिए खतरा है यह गठजोड़**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के प्रति अपने देश के अटूट समर्थन को एक बार फिर दोहराया है। उन्होंने साफ कहा कि अंकारा की सफलता और इस्लामाबाद की प्रगति एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। शनिवार को इस्तांबुल में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन को द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने का भरोसा दिलाया। वहीं, राष्ट्रपति एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आर्थिक संबंधों की आधारशिला बताया। शहबाज शरीफ ने कहा, तुर्किये की सफलता ही पाकिस्तान की सफलता है और पाकिस्तान की तरक्की ही तुर्किये की तरक्की है। तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, रक्षा उद्योग में हमारा सहयोग, जो हमारे आर्थिक संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है, नए प्रोजेक्ट्स के साथ दिन-ब-दिन विकसित हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने तुर्किये के निवेशकों को पाकिस्तान में अपनी व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। एर्दोगन ने यह भी स्पष्ट किया कि वे ऊर्जा, परिवहन, महत्वपूर्ण खनिजों और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ अपने सहयोग को और गहरा करना चाहते हैं।

## रिपोर्ट में दावा : जापान पर दबाव बना रहा चीन



**बीजिंग।** चीन की बढ़ती सैन्य, आर्थिक और साइबर गतिविधियों को लेकर जापान और उसके सहयोगी देशों को सतर्क रहने की

- सहयोगियों के साथ पलटवार की मिली सलाह

सलाह दी गई है। यूरोपियन टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) जासूसी, समुद्री घुसपैठ और आर्थिक दबाव के जरिए जापान पर लगातार दबाव बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सिर्फ जापान की सुरक्षा का नहीं, बल्कि नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता का भी सवाल है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जापान के सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और अन्य अत्याधुनिक उद्योग चीनी खुफिया नेटवर्क के निशाने पर हैं। साइबर हमलों और अंदरूनी लोगों की भर्ती के जरिए संवेदनशील तकनीक हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इससे निपटने के लिए जापान को अपनी काउंटर-इंटेलिजेंस व्यवस्था मजबूत करने, शैक्षणिक आदान-प्रदान की निगरानी बढ़ाने और अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ मिलकर तकनीक चोरी रोकने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स बनाने की सलाह दी गई है।
रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के तटरक्षक जहाज और मछली पकड़ने वाले पोत अक्सर सेनकाकू द्वीप के आसपास के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। जापान इस द्वीप समूह पर अपना अधिकार जताता है, जबकि चीन भी इस पर दावा करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये गतिविधियां केवल उकसावे की कार्रवाई नहीं हैं, बल्कि जापान की संप्रभुता को चुनौती देने की रणनीति का हिस्सा हैं। इसलिए जापान को समुद्री गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और सहयोगी देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करने चाहिए।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिलेगा बंपर यूरेनियम



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की सप्लाई का रास्ता साफ जल्द होने वाला है। इस हफ्ते होने वाली हाई लेवल मीटिंग्स न

- इसी हफ्ते उच्चस्तरीय बैठक में होगा निर्णय
- बदल जाएगी भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर

केवल ऑस्ट्रेलिया की रक्षा नीति को बदल देंगी बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर भी बदल जाएगी। द ऑस्ट्रेलियन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस सोमवार को फिजी पहुंच रहे हैं। वहां वह अपने फिजाई समकक्ष के साथ व्आले यूनियन पर हस्ताक्षर करेंगे। व्वाले फिजीआई भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है परिवार। लेकिन राजनीति में इस परिवार का मतलब बहुत गहरा है। यह समझौता ऑस्ट्रेलिया के उस अभियान का हिस्सा है जिसके तहत वह पापुआ न्यूगिनी, तवालू, नोरू और इंडोनेशिया जैसे देशों के साथ अपनी सुरक्षा साझेदारी को पत्थर की लकीर बना रहा है। याद कीजिए साल 2022 जब चीन ने सोलमन आइलैंड्स के साथ एक गुप्त सुरक्षा समझौता करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब से ही ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं। उन्हें डर था कि चीन इन छोटे द्वीप देशों में अपने सैन्य अड्डे बना सकता है। फीजी के साथ होने वाला यह नया समझौता ऑस्ट्रेलिया को फजी की सुरक्षा और पुलिसिंग में एक बड़ी भूमिका देगा। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यूगिनी के साथ किया है। यानी अगर फिजी की सुरक्षा पर कोई खतरा आता है तो ऑस्ट्रेलिया वहां सैन्य और तकनीकी मदद भेजने वाला पहला देश होगा। यह सीधे तौर पर चीन के पेसिफिक विस्तार पर एक ब्रेक लगाने की तरह होगा। अब बात करते हैं हम उस डील की जो भारत के लिए गेम चेंजर है। मेलबर्न में प्रधानमंत्री मोदी और पीएम एल्बनीज़ की मुलाकात होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों देश यूरेनियम निर्यात समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं।

**स्टडी** — जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मिलेगी मदद

## ज्वालामुखी विस्फोट से मिला मीथेन घटाने का नया सुराग



**नई दिल्ली।** कार्बन डाइऑक्साइड के बाद वैश्विक तापवृद्धि के लिए सबसे जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों में शामिल मीथेन को हटाने का एक नया प्राकृतिक तरीका वैज्ञानिकों के सामने आया है। दक्षिण प्रशांत महासागर में 2022 में टोंगा के समुद्र के नीचे हुए भीषण ज्वालामुखीय विस्फोट के अध्ययन से संकेत मिले हैं कि कुछ विशेष हालात में वातावरण में बनने वाले रासायनिक कण मीथेन को तोड़ सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज जलवायु परिवर्तन से निपटने की नई तकनीकों का आधार बन सकती है।

**नमक, राख और धूप ने मिलकर किया कमाल**

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया पहले अटलांटिक महासागर के ऊपर देखी गई रासायनिक प्रतिक्रिया जैसी है। वहां सहारा रेगिस्तान की धूल समुद्री नमक के साथ मिलकर लोहे पर आधारित सूक्ष्म कण बनाती है। सूर्य का प्रकाश इन कणों पर पड़ने के बाद क्लोरीन परमाणु उत्पन्न करता है, जो वातावरण में मीथेन से प्रतिक्रिया कर उसे तोड़ने लगते हैं। टोंगा ज्वालामुखी ने समताप मंडल में 58 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों के बराबर नमकीन जलवाष्प व बड़ी मात्रा में राख पहुंचाई थी। सूर्य के प्रकाश के प्रभाव से इस मिश्रण में क्लोरीन बना, जिसने ज्वालामुखी से निकली मीथेन के एक हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया।


**एक सप्ताह तक लगातार टूटती रही मीथेन**

शोधकर्ताओं ने फॉर्मल्डिहाइड के बादल को 10 दिनों तक ट्रैक किया। वान हर्पेन के अनुसार फॉर्मल्डिहाइड वातावरण में केवल कुछ घंटों तक ही मौजूद रहता है। इसलिए उसका लगातार दिखाई देना इस बात का संकेत है कि ज्वालामुखीय गुबार एक सप्ताह से अधिक समय तक मीथेन को लगातार तोड़ता रहा। अध्ययन के अनुसार विस्फोट से लगभग 3.3 लाख टन मीथेन निकली थी, जिसमें से शोधकर्ताओं के अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन करीब 900 टन मीथेन नष्ट हो रही थी।


### जलवायु परिवर्तन के लिए अहम है यह खोज

कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मैथ्यू जॉनसन के अनुसार यह पूरी तरह अप्रत्याशित खोज है। अब तक जिस प्रक्रिया को अटलांटिक महासागर के ऊपर देखा गया था, उसके समताप मंडल में ज्वालामुखीय गुबार के भीतर भी सक्रिय होने के संकेत पहली बार मिले हैं। मीथेन 20 वर्ष में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में लगभग 80 गुना अधिक गर्मी रोक सकती है। वैश्विक तापवृद्धि में लगभग एक-तिहाई योगदान इसी गैस का है। चूंकि मीथेन अपेक्षाकृत कम समय तक वातावरण में बनी रहती है, इसलिए इसके उत्सर्जन में कमी लाकर अपेक्षाकृत कम समय में वैश्विक तापवृद्धि की रफ्तार धीमी की जा सकती है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089